सुविचार

जिंदगी में सच
के साथ हमेशा
चलते रहिए
तो वक्त आपके
साथ अपने
आप चलने
लगेगा !

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
गरीबों का सितारा
।। दशकों पुराना साथ।।
निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज
"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 अंकः 264 पेजः 8 मूल्य 01 रु.
जयपुर, सोमवार 17 अप्रैल, 2023
Email: garibonkasitara@gmail.com

अतीक-अशरफ के शवों को दफनाया गया : दोनों छोटे बेटे कब्रिस्तान पहुंचे

तीनों हमलावरों को नैनी जेल भेजा, यहां अतीक का बेटा भी कैद

प्रयागराज। माफिया अतीक और उसके भाई अशरफ की शनिवार रात प्रयागराज में हत्या कर दी गई। पुलिस दोनों को मेडिकल टेस्ट के लिए अस्पताल ले जा रही थी। पत्रकार साथ-साथ चलते हुए अतीक और अशरफ से सवाल कर रहे थे। इसी बीच तीन हमलावर पुलिस का सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए आए और अतीक के सिर में गोली मार दी, फिर अशरफ पर फायरिंग की। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हमलावर मीडियाकर्मी बनकर आए थे। इनके नाम लवलेश तिवारी, सनी और अरुण मौर्य हैं। हमले के तुरंत बाद ही तीनों ने सरेंडर कर दिया। लवलेश बांदा, अरुण कासगंज और सनी हमीरपुर का रहने वाला है। उनसे हथियार बरामद किए गए हैं। कॉन्स्टेबल मानसिंह को भी गोली लगी है। सरकारी वकील गुलाब चंद्र अग्रहरी ने बताया- तीनों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में नैनी सेंट्रल जेल भेज दिया गया है। यहां अतीक का बेटा अली भी कैद है। अतीक-अशरफ के शवों को पोस्टमॉर्टम के बाद कसारी-मसारी स्थित कब्रिस्तान में इस्लामिक रीति-रिवाज से दफनाया गया। दोनों के शव को अतीक के बहनोई और दो रिश्तेदार लेकर पहुंचे थे। अतीक के दोनों छोटे बेटों को बाल सुधार गृह से लाया गया था। अतीक के बेटे असद की कब्र के पास ही दोनों की कब्रें खुदवाई गई थीं। अशरफ की बेटी और पत्नी जैनब भी कब्रिस्तान में मौजूद रहीं। कब्रिस्तान में सिर्फ चुनिंदा रिश्तेदारों को जाने दिया गया। कब्रिस्तान से करीब 300 मीटर दूर सभी को रोक दिया गया। मीडियाकर्मियों को कब्रिस्तान के बाहर तक जाने दिया गया। हालांकि उनके नाम और मोबाइल नंबर नोट किए जा रहे थे। पूरे शहर में जगह-जगह फोर्स तैनात है। यूपी के गृह विभाग ने हत्याकांड की जांच के लिए 3 सदस्यीय न्यायिक आयोग गठित किया है। यह आयोग 2 महीने के अंदर मामले की जांच करके शासन को रिपोर्ट सौंपेगा। आयोग को हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस अरविंद कुमार त्रिपाठी लीड करेंगे। इसमें रिटायर्ड डीजीपी सुबेश सिंह, जिला कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस बृजेश कुमार सोनी को भी शामिल किया गया है।

- आरोपी लवलेश के पिता यज्ञ तिवारी बोले, 'हमें जानकारी नहीं है और ना हमारा इससे कोई लेना-देना है। 5-6 दिन पहले आया था। उसका घर से कोई लेना-देना नहीं था। सालों से बोलचाल बंद है। थप्पड़ मारने के केस में जेल गया था, तब से बातचीत बंद है। नशा करता है। हमने उसे त्याग दिया है।'
- दूसरे आरोपी सनी सिंह के भाई ने कहा, अतीक-अशरफ को गोली मारने वालों में दूसरा शूटर सनी सिंह है। वह हमीरपुर का रहने वाला है। उसके भाई पिंटू सिंह ने अठक से बातचीत में कहा- 'हम लोग 3 भाई थे, जिसमें से एक की मृत्यु हो गई। सनी के ऊपर पहले से मामले दर्ज हैं। वह कुछ नहीं करता था। हम उससे अलग रहते हैं। वह बचपन में ही घर छोड़कर भाग गया था।

प्रदेश में बेकाबू हुआ कोरोना, 3 की मौत

422 नए कोविड पॉजिटिव मिले, मरीजों की संख्या बढ़कर 2340 पर पहुंची

जयपुर। राजस्थान में कोरोना संक्रमण एक बार फिर बेकाबू हो गया है। प्रदेश में लगातार संक्रमित मरीजों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। रविवार को प्रदेशभर में 422 नए संक्रमित मरीज सामने आए हैं। जिनमें सबसे ज्यादा 104 संक्रमित मरीज जयपुर में है। जबकि 3 मरीजों की मौत हो गई। जिसके बाद प्रदेशभर में संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 2340 पर पहुंच गई है। हेल्थ डिपार्टमेंट के आंकड़ों के अनुसार रविवार को जयपुर में 104, जोधपुर में 65, भरतपुर में 52, नागौर में 43, उदयपुर में 32, बीकानेर में 29, सीकर में 25, झालावाड़ में 13, चित्तौड़गढ़ में 10 संक्रमित मरीज मिले हैं। जबकि बीते 24 घंटो में बीकानेर, नागौर और पाली में 1-1 संक्रमित मरीजों की मौत हो चुकी है। जिसके बाद राजस्थान में सबसे ज्यादा जयपुर में 1420, अलवर में 999, कोटा में 786, चित्तौड़गढ़ में 681, टोंक में 528 बीकानेर में 510, उदयपुर में 440 मरीज मौजूद हैं। हालांकि प्रदेशभर में 137 मरीज रिकवर भी हुए हैं। बता दे कि राजस्थान में 2 दिन पहले राज्यपाल कलराज मिश्र भी कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। वहीं राजयपाल से पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी संक्रमित हो चुके हैं। हेल्थ डिपार्टमेंट के अधिकारियों के अनुसार राजस्थान में फिलहाल जो मरीज बढ़ रहे हैं। उनमें ज्यादातर मामले नए वेरिएंट इइ 1.16 के हैं। जो काफी तेजी से फैलने वाला वेरिएंट है। हालांकि राहत की बात यह है कि इसकी चपेट में आने वाले ज्यादातर मरीज में केवल हल्के खासी, बुखार और जुकाम के लक्षण दिख रहे हैं। मरीज को खासी के अलावा शरीर में थकान और कमजोरी भी महसूस हो रही है। बावजूद इसके इस संक्रमण से मरीज खुद ही तीन-चार दिन में ठीक हो रहे हैं।

टेस्टिंग बढ़ाने के निर्देश

राजस्थान में कोविड के बढ़ते केसों को देखते हुए हेल्थ डिपार्टमेंट ने सभी सीएमएचओ को टेस्टिंग बढ़ाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही डॉक्टर्स को निर्देश दिए है कि जिन मरीजों में कोविड के लक्षण दिखे उनकी जांच जरूर करवाने के लिए कहा है। राज्य में पिछले महीने तक हर रोज औसतन 2 हजार लोगों के टेस्ट होते थे, जो बढ़कर अब 3 हजार से ज्यादा होने लगे है।

CBI ने केजरीवाल से साढ़े 9 घंटे पूछताछ की

दिल्ली के CM बोले- 56 सवाल पूछे, हमारे पास छिपाने को कुछ नहीं

नई दिल्ली। सीएम अरविंद केजरीवाल रविवार रात 8.30 बजे उइक के ऑफिस से बाहर निकले। दिल्ली शराब नीति केस में पूछताछ के लिए वे सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर पहुंचे थे। शराब नीति केस में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से CBI ने अपने ऑफिस में करीब साढ़े 9 घंटे तक पूछताछ की। वे रविवार सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर एजेंसी के ऑफिस पहुंचे थे। केजरीवाल रात 8.30 बजे एजेंसी ऑफिस से बाहर आए। केजरीवाल ने बताया कि CBI ने जितने सवाल पूछे मैंने सभी के जवाब दिए। हमारे पास कुछ छिपाने के लिए नहीं है। ये पूरा का पूरा कथित शराब घोटाला झूठ है, फर्जी है और गंदी राजनीति से प्रेरित है। AAP कट्टर ईमानदार पार्टी है। हम मर-मिट जाएंगे पर कभी अपनी ईमानदारी के साथ समझौता नहीं करेंगे। वे अअढ को खत्म करना चाहते हैं लेकिन देश की जनता हमारे साथ है। लगभग 56 सवाल उन्होंने पूछे। केजरीवाल से पूछताछ के विरोध में प्रदर्शन कर रहे AAP के विधायकों को पुलिस ने हिरासत में लिया था। रात में उन्हें छोड़ दिया गया। सभी नजफगढ़ पुलिस स्टेशन से नारेबाजी करते हुए बाहर निकले।

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

RIC

राजस्थान इंटरनेशनल सेन्टर
का
लोकार्पण

द्वारा
श्री अशोक गहलोत
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान

अध्यक्षता
श्री शान्ति धारीवाल
माननीय मंत्री,
स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास विभाग, राजस्थान

दिनांक: 17 अप्रैल, 2023 | समय: सायं 06:00 बजे
स्थान: राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर,
ओटीएस चौराहा से झालाना लिंक रोड़, झालाना डूंगरी, जयपुर

लागत: ₹140.00 करोड़

◆ तीन ऑडिटोरियम ◆ तीन लेक्चर हॉल ◆ दो कॉन्फ्रेंस हॉल ◆ तीन एग्जीबिशन हॉल ◆ एडमिन ब्लॉक ◆ मेंबर्स लाउन्ज ◆ मल्टीपर्पज हॉल
◆ दो मंजिला बेसमेंट पार्किंग ◆ रूफटॉप रेस्टोरेंट एवं आंतरिक रेस्टोरेंट ◆ सामान्य लाइब्रेरी एवं ई-लाइब्रेरी ◆ कन्वेंशन हॉल एवं फ्रंट लॉन

राजस्थान संवाद

जयपुर विकास प्राधिकरण

अपना शहर
क्षेत्र का नं. 1 अखबार
गरीबों का सितारा
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
जयपुर
सोमवार, 17 अप्रैल, 2023

पूर्वानुमान>	सोम	मंगल	बुध	गुरु
अधिकतम>	39°c	39°c	39°c	40°c
न्यूनतम>	24°c	23°c	24°c	23°c

30°

अजमेर रोड स्थित रिको क्षेत्र में एक फैक्ट्री में लगी आग

आग की लपटों से गहरे काले धुएं के गुब्बारे आसमान में देखे गए

ब्यावर(अनिल सिखवाल)। शहर के अजमेर रोड स्थित रीको क्षेत्र में रविवार को एक प्रतिष्ठान सुदर्शन ट्रेडिंग कम्पनी में शाम के वक्त अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपेट इतनी भयानक थी कि इसका गहरा काला धुंआ ब्यावर सहित आसपास के क्षेत्रों में देखा गया। आग की सूचना मिलने पर अग्नि शमन विभाग की गाड़ी मौके पर उसके बाद अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने तत्काल आग को बुझाने के लिए भरसक प्रयास में लगे हैं जानकारी के अनुसार अग्निशमन विभाग की दमकल अनेक फेरे लगाकर आग बुझाने का प्रयास किया आग की सूचना मिलते ही रीको क्षेत्र में अन्य फैक्ट्रियों में कार्य करने वाले मजदूरों में एक बार तो दहशत फैल गई जानकारी के अनुसार ब्यावर अजमेर रोड रिक्को फैक्ट्री स्थित प्लास्टिक के कट्टे बनाने वाली फैक्ट्री थी जो आग के वशीभूत हुई फैक्ट्री के मालिक मनीष कुमार ने बताया की फैक्ट्री में 6 नई मशीनें जलकर राख हुई साथ ही 20 लाख का लगभग नुकसान बताए जा रहा है रविवार होने के कारण मजदूरों की छुट्टी चाहिए जिसके कारण कोई जनहानि नहीं हुई है फैक्ट्री में आग कैसे लगी इसका कोई पता नहीं चल पाया है।

पिंजरे में मादा पैंथर किया कैद

टॉडगढ रावली अभ्यारण रेंज रावली (काबरा दांता) में छोड़ा

दैनिक सितारा न्यूज नेटवर्क

ब्यावर (अनिल सिखवाल)। उपखण्ड के निकटवर्ती भीम सीमा के गांव लगैतखेड़ा में पैंथर के मूवमेन्ट को लेकर आये दिन सूचनायें मिल रही थी इसको लेकर क्षैत्रीय वन अधिकारी जसराज पारीक ने तत्काल प्रभाव से उस क्षेत्र के वनपाल राजेन्द्रसिंह के माध्यम से पिंजरा रखवाया गया। पिछले एक-डेढ माह से लगातार पिंजरे पर नजरे रखी जा रही थी। रविवार को उसी पिंजरे में मादा पैंथर कैद हो गयी। इस मादा पैंथर का ग्रामीण क्षैत्रों में अधिंकाशतः मूवमेन्ट रहता था यह गांव भी रावल अभ्यारण से जुडे हुए हैं। इसलिए कई जंगली जानवर जंगलों से निकल कर शिकार की तलाश में ग्रामीण क्षैत्रों में आ जाते है। पकड़े गये पैंथर को माईन्स में से निकलवाकर वनरक्षक चांदमल, वनपाल राजेन्द्रसिंह राणावत आदि के सहयोग से एक पीकअप के माध्यम से टॉडगढ रावली अभ्यारण रेंज रावली (काबरा दांता) में छोड़ा गया।

हादसे में महिला की मौत पति हुआ घायल

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। बीकानेर के गजनेर थाना क्षेत्र में स्थित टेचरी फांटे पर रविवार को सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जबकि उसका पति घायल हो गया। पति-पत्नी बाइक पर बीकानेर से गुढ़ा जा रहे थे। रास्ते में एक बजरी से भरे एक डंपर से एक्सीडेंट हो गया। यहां से गुजर रहे आपदा राहत मंत्री गोविन्दराम मेघवाल ने घायल पति को अस्पताल पहुंचाया। सुबह गजनेर थाना क्षेत्र के ठ्ठ 15 पर टेचरी फांटा के पास डंपर व बाइक की टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में महिला की दर्दनाक मौत हो गई। बाइक सवार रामदयाल मेघवाल व उसकी पत्नी मंजु देवी मेघवाल बीकानेर से गुढ़ा जा रहे थे। वे दोनों गुढ़ा निवासी ही है। नेशनल हाईवे के टेचरी फांटा पर बजरी के डंपर ने टक्कर मार दी। इस दौरान मंजूदेवी डंपर के एक पहिए के नीचे कुचली गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका पति रामदयाल घायल हो गया। उसके पैर में चोट आई है। वो अपनी पत्नी के शव के पास बैठा रोता रहा। आसपास के लोगों ने तुरंत पहुंचकर महिला के शव पर चद्दर डाला। रामदयाल को अस्पताल पहुंचाने के लिए वाहनों को रोका। इसी दौरान आपदा प्रबंधन मंत्री गोविन्दराम मेघवाल भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने रामदयाल को एक वाहन से अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने शव को गजनेर रेफरल अस्पताल में रखवाया गया है। वहीं घायल का इलाज जारी है। मंत्री मेघवाल ने जिला कलक्टर को फोन कर-के घायल के इलाज के लिए निर्देश दिए, वहीं डंपर को जब्त करने के लिए पुलिस अधीक्षक को फोन किया। डंपर पुलिस ने जब्त कर लिया है

विरासत में मिलते हैं संस्कार इन्हें सहेजने की जरूरत : रावत

जयपुर। राज्य सरकार के देवस्थान विभाग की ओर से रविवार को वैशाख माह की एकादशी पर उदयपुर शहर में आयोजित देवदर्शन पदयात्रा में देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत ने शिरकत की और यात्रा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप को गोद में लेकर नंगे पैर पदयात्रा कर इस आयोजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने इस अवसर पर उदयपुरवासियों से आह्वान किया कि भारतीय संस्कृति पूरे विश्व में विशिष्ट व पूजनीय है और हमें ये संस्कार विरासत में मिलते हैं जिन्हें सहेजने की महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राजधानी जयपुर में पहले आयोजन के बाद उदयपुर का यह आयोजन नई पीढ़ी को हमारी संस्कृति, हमारी धरोहर, हमारी कला और परंपराओं की पहचान और उनके प्रति जागरूकता के लिए किया गया। देवस्थान मंत्री श्रीमती रावत ने सिटी पैलेस समीप स्थित गुलाब स्वरूप बिहारी जी मंदिर में दर्शन कर पदयात्रा का शुभारंभ किया। भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप को गोद में लेकर नंगे पैर पदयात्रा करते मंत्री और अन्य विशिष्टजनों को देखने के लिए गलियों में शहरवासी उमड़ पड़े और उन्होंने पुष्पवर्षा कर इस यात्रा का स्वागत किया। इस पदयात्रा के दौरान शहर के जगदीश चौक पर्यटन क्षेत्र में देश-विदेश से आए पर्यटक भी इस पदयात्रा में झूमते दिखाई दिए। शहर के प्रमुख पर्यटन क्षेत्र सिटी पैलेस से गणगौर घाट के बीच का क्षेत्र रविवार की अल सुबह से भक्तिरस में डूबा दिखाई दिया। इस्कॉन एवं हरे कृष्णा के प्रतिनिधियों ने सिटी पैलेस के मुख्य द्वार पर स्थित गुलाब स्वरूप बिहारी जी मंदिर से ढोलक एवं मंजीरों के साथ अन्य वाद्य यंत्रों की ताल पर हरे कृष्णा-हरे रामा का राग छेड़ा। वहीं गणगौर घाट पर लोक कलाकारों की भजन प्रस्तुतियों पर श्रृद्धालु पदयात्री खुद को रोक नहीं पाए।

विप्र सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील तिवाड़ी का ब्यावर आगमन पर हुआ भव्य अभिनंदन एवं स्वागत

दैनिक सितारा न्यूज नेटवर्क

ब्यावर(अनिल सिखवाल)। विप्र सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील तिवाड़ी का ब्यावर में भव्य स्वागत, सीकर और जयपुर के सदस्य भी रहे मौजूद। ब्यावर पिछले महीने की 19 मार्च को जयपुर के विद्याधर नगर में संपन्न ऐतिहासिक ब्राम्हण पंचायत के सूत्र धार और विप्र सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील तिवाड़ी के रविवार को ब्यावर आगमन पर ब्राम्हण समाज द्वारा स्थानीय रिको आवासीय क्षेत्र में राजेंद्र शर्मा के गार्डन में भव्य स्वागत किया गया। ब्यावर पहुंचने से पूर्व कार्यकताओं ने पिपलाज टोल प्लाजा पर सुनील तिवाड़ी उनके साथ आए सीकर तथा जयपुर के पदाधिकारियों की अगवानी की गई तथा एस्कॉर्ट कर सामूहिक रूप से वाहनों के काफिले के साथ रिको आवासीय कॉलोनी में कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक राजेंद्र शर्मा माइनिंग वालों दुपट्टा और साफा पहना और स्वागत किया गया वहीं ब्राम्हण समाज द्वारा माला पहना कर परसा भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में तिवाड़ी ने कहा कि हर ब्राम्हण को खुद को संगठन मान कर चलना होगा। उन्होंने कहा की 19 मार्च की रैली के बाद अब परशुराम जन्मोत्सव पर छोटे गांव से लेकर बड़े शहरों में कई तरह के आयोजन किए जा रहे है। जिस से हम एक दूसरे के नजदीक पहुंच रहे है। कार्यक्रम को के के शर्मा, ओ पी मिश्रा, भुवनेश शर्मा, सतीश जोशी, हरीश चंद्र शर्मा, सीकर के महेश शर्मा, विप्र कल्याण बोर्ड के सदस्य रवि तिवाड़ी आदि ने भी संबोधित किया। संचालन रमेश शर्मा ने किया राजेंद्र शर्मा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मनोज व्यास, शंभू दयाल व्यास, संजय पाराशर, राजेश बाबा, पार्षद भुवनेश शर्मा, हंसराज अन्नू, त्रिलोक शर्मा, पूर्व पार्षद दिनेश शर्मा, जेपी अग्निहोत्रीय, संजय भार्गव, योगेश पंचोली, संदीप भार्गव, राहुल शर्मा, मोदक शर्मा उम्मेद शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन व होमियोपैथी जाँच शिविर का हुआ आयोजन

दैनिक सितारा न्यूज नेटवर्क

Samsung Quad Camera
Shot with my Galaxy M12

ब्यावर(अनिल सिखवाल)। अजमेर जिला माहेश्वरी सभा संस्था व ब्यावर क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा के संयुक्त तत्वावधान में सेवा से सहयोग कार्यक्रम के तहत हरीनारायण मंत्री परिवार पुष्कर के सौजन्य से स्थानीय पूनम हॉस्पिटल व अश्विनी हॉस्पिटल में शिविर में विशाल नेत्र चिकित्सा एवम होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का साप्ताहिक समापन किया गया। इस शिविर में 467 रोगियों की आंखों की निशुल्क जांच व प्रथम चरण में 49रोगियो का व द्वितिय चरण में 51 रोगियों का कुल 100 रोगियों का नेत्र लेंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन से किया गया शिविर में होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ सुभाष गुप्ता द्वारा 769 मरीजों को निशुल्क परामर्श व दवाइयां दी गई। इस कार्यक्रम में ऑपरेशन के मरीजों को निशुल्क दवाइयां व चश्मे प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जिलासभा उपाध्यक्ष रमेश भराड़िया संस्था अध्यक्ष -डॉ एल एन बल्दुआ मंत्री -रमेश चितलांगिया, उपाध्यक्ष स्वरूपनारायन झंवर, सयुक्त मंत्री नारायण हेड़ा के साथ पूनम चंद जी गुप्ता विकास मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष महावीर लोढ़ा उपाध्यक्ष नवरत्नमल माहेश्वरी के साथ सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य उपलब्धि एक मरीज उत्तराखंड का था।इस पुनीत कार्य के लिए भामाशाह परिवार को साधुवाद प्रेषित किया व भविष्य में भी ऐसे ही सहयोग प्रदान करने की अपील की जिसकी आप के परिवार द्वारा स्वकृति प्रदान की गई।

पंचाग

दिनांक:-17अप्रैल 2023 सोमवार
विक्रम संवत2080वैशाख कृष्ण पक्ष

तिथि	द्वादशी	15:45:53	
पक्ष	कृष्ण		
नक्षत्र	पूर्वभाद्रपदा	26:26:56	
योग	ब्रह्म	21:05:28	
करण	तैतुल	15:45:53	
करण	गर	26:34:50	
चन्द्र राशि	कुम्भ	20:50:48	
चन्द्र राशि	मीन	20:50:48	
सूर्य राशि	मेष		
दिशा शूल	पूर्व		
सूर्योदय(जयपुर)		06:02:43	
सूर्यास्त	18:50:36		
चंद्रोदय	28:51:00		
चंद्रास्त	16:05:47		
राहू काल	07:39-09:15		
अभिजित	12:02-12:53		
शुभ चोघडिया			
अमृत	06:03-07:39		शुभ
शुभ	09:15-10:51		शुभ
चर	14:03-15:39		शुभ
लाभ	15:39-17:15		शुभ
अमृत	17:15-18:51		शुभ

विशेष जानकारी:-
पंचक प्रारम्भ
प्रदोष व्रत:-आज

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

मिली नव नियुक्ति : अखिल भारतीय संत समिति द्वारा स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज को प्रदेश प्रमुख राजस्थान नियुक्त किया गया

जयपुर। संत समाज के हितों के लिए एवं सनातन धर्म की रक्षा के लिए हमेशा अग्रणी रहने वाले स्वामी बालमुकुंदाचार्य महाराज हाथोज धाम को अखिल भारतीय संत समिति के मुख्य निदेशक महंत ज्ञानदेव सिंह की सहमति एवं अध्यक्ष अविचल दास के आदेशानुसार एवं अखिल भारतीय संत समिति धर्म समाज के राष्ट्रीय प्रमुख सुभेश शर्मन जी की अनुशंसा पर प्रदेश प्रमुख राजस्थान नियुक्त किया गया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आप पूर्ण निष्ठा से इस दायित्व का निर्वहन करते हुए संत समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। अखिल भारतीय संत समिति समाज में बढ़ती हुई विषमता, भेदभाव, जनसंख्या असंतुलन, धर्मान्तरण, गौ तस्करी, भूमि व लव जिहाद एवं धार्मिक, सांस्कृतिक आक्रमण, आदि समस्याओं के समाधान व जागरण हेतु कार्य करती है।

मुख्यमन्त्री गहलोत ने किया डॉ. मेघना द्वारा संपादित दो पुस्तकों का लोकार्पण

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। एमजीएसयू बीकानेर में कार्यरत इतिहास विभाग की सहायक आचार्य डॉ॰ मेघना शर्मा की दो पुस्तकों का लोकार्पण मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत द्वारा राजधानी जयपुर स्थित अपने आवास पर किया गया। रविवार को डॉ॰ मेघना के सुपुत्र सौम्य शर्मा ने मुख्यमन्त्री गहलोत कों पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया तो वहीँ डॉ॰ मेघना ने उनका शॉल ओढाकर सम्मान किया तत्पश्चात डॉ॰ मेघना द्वारा संपादित दो द्विभाषीय पुस्तकों का लोकार्पण किया गया जिसमें देशभर बल्कि विदेशों से भी विद्वानों के स्त्री विमर्श आधारित आलेख व शोध पत्र शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि दोनों पुस्तकें बीकानेर के प्रतिष्ठित सूर्य प्रकाशन मंदिर द्वारा प्रकाशित की गईं हैं जो महिला विमर्श के ऐतिहासिक पहलुओं के साथ साथ हिन्दी व राजस्थानी साहित्य में नारी के पार्श्वीकरण व संवैधानिक परिप्रेक्ष्यों को समेटे हुये है।

निशा स्कॉलरशिप कम ऐडमिशन टेस्ट, प्रतिभा खोज परीक्षा 2023

कि.रेनवाल (विनोद धायल)। उमड़ा दसवीं बोर्ड के विद्यार्थियों का जनसैलाब, किशनगढ़ रेनवाल शहर के निशा फाउंडेशन में 16 अप्रैल को लगी ठ-रअळ 2023 परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 1300 सौ बच्चों ने परीक्षा दी 2023 में दसवीं बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों उन्हें इस परीक्षा में में बैठे बच्चों के अनुसार ठ रअळ का पेपर सामान्य लेवल का रहा बच्चे पहली बार ओ एम आर शीट पर परीक्षा देकर काफी खुश नजर आए उनके चेहरों पर खुशी देखी गई एग्जाम के बाद मोटिवेशन सेमीनार रखा गया, जिसमें बच्चों को साइंस क्षेत्र में विशेष चुनाव जीवन परिवर्तन कैसे करें और कैसे सफल हो साइंस में आदि के गुर सिखाए गए निसा फाउंडेशन द्वारा ठएएळ आईआईटी जेट उवएळ फाउंडेशन नॉन फाउंडेशन के बीच चलाए जा रहे कोटा से सीकर की बेस्ट अनुभव फैकल्टी नवीनतम स्टडी मैटेरियल दिया जा रहा अंत में संस्था प्रधान वी आर सर्वे सभी बच्चों व निशा टीम के सभी अध्यापकों को धन्यवाद दिया बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

सितारा न्यूज ब्रीफ

स्वच्छता अभियान चलाकर तहसीलदार बीएल सेन ने दिया स्वच्छता का संदेश

आसींद/ सांवरमल शर्मा। आसींद तहसील कार्यालय परिसर में विगत दिनों तहसीलदार बीएल सेन स्वच्छता को लेकर अभियान के माध्यम से तहसील कार्यालय का आमूलचूल परिवर्तन किया ' उन्होंने पंजीयन राजस्व रीडर शौचालयों प्रांगण सफाई परिसर के आसपास बैठने की जगह अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया है ' वही पिछले कई सालों से तहसील कार्यालय के छतों पर लगे गंदगी सोमवार को भी उन्होंने नगर पालिका के कर्मचारियों के माध्यम से उनको लगाकर छात्रों को भी साफ करवाया'

बदनोर से आसींद वाया चित्तौड़गढ़ रोडवेज पुनः शुरू कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

उप जिला प्रमुख रामचंद्र सेन के नेतृत्व में रोडवेज प्रबंधक को सौंपा गया ज्ञापन

आसींद/ सांवरमल शर्मा। बदनोर से आसींद वाया चित्तौड़गढ़ बस सेवा को वापस शुरू कराने की मांग को लेकर पूर्व उप जिला प्रमुख रामचंद्र सेन के नेतृत्व में भीलवाड़ा रोडवेज प्रबंधक को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया है कि बदनोर आसींद भीलवाड़ा रोडवेज बस को शीघ्र ही चालू कराया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को सुविधा मिले निजी बस मालिक मनमाना किराया वसूलते हैं जिससे यहां के क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है' इस रूट की रोडवेज सेवा को पुने चालू किया जाए इस मौके पर सरपंच नरेंद्र सिंह भाजपा नेता राजेंद्र सिंह पंचायत समिति सदस्य अमित कुमार सेन हंस बहादुर घनश्याम चंदेल भंवर सिंह मोहनलाल लादू लाल गोपाल लाल सहित आसींद बदनोर क्षेत्र के कई प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।

बागेश्वर धाम सेवा समिति की बैठक आयोजित,विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

सितारा न्यूज नेटवर्क

लक्ष्मणगढ़। श्री बागेश्वर धाम सेवा समिति लक्ष्मणगढ़ की एक बैठक समिति अध्यक्ष डॉ पीके जैन की अध्यक्षता में कस्बे के एक निजी स्कूल परिसर में आयोजित हुई। समिति अध्यक्ष जैन ने बताया कि बैठक में मंगलवार को संगीत में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन करने का निर्णय लिया। जिसमें हनुमान आरती भोग तथा प्रसादी वितरण करने का निर्णय लिया। बैठक में अध्यक्ष पीके जैन, महेश, अशोक पाराशर, जतन सिंह, गजेंद्र सिंह, राजू आजाद, आशुतोष व सुभाष मीणा सहित समिति के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

एकादशी पर भाविप शाखा ने की गौशाला में गौमाता की सेवा

गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव। स्थानीय भारत विकास परिषद शाखा द्वारा एकादशी पर श्री माधव गौ उपचार केंद्र पर गौ माता की सेवा, स्थाई प्रकल्प अंतर्गत की गई। प्रभारी श्रीमती मुन्नी देवी जागेटिया के नेतृत्व में अध्यक्ष कन्हैया लाल सोनी सपरिवार, सेवा प्रमुख संपत व्यास, संस्कार प्रमुख श्रीमती भगवती देवी मूंदड़ा, महिला प्रमुख ज्योति दिनवानी, हुरडा प्रभारी मंजू देवी लखारा, सचिव दिनेश छतवानी, उपाध्यक्ष रतन लाल लखारा, सत्यनारायण जागेटिया, प्रेम चंद गुड्डू भाई इत्यादि मौजूद रहे। गौमाता को गुड़ और चारा खिला कर प्रकल्प को सार्थक किया । रविवार प्रातः चारे और गुड़ आदि की व्यवस्था दिनवानी परिवार द्वारा पूज्य पिताश्री स्व टीकम दास जी दिनवानी की पुण्य स्मृति में की गई । साथ ही कन्हैया लाल सोनी परिवार जागेटिया परिवार,व्यास परिवार और लखारा परिवार हुरडा द्वारा परिषद को गौ सेवार्थ राशि भेंट की गई।

बीचगावा में क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह आयोजित

सितारा न्यूज नेटवर्क

लक्ष्मणगढ़(अलवर)। बिचगांवा क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में खेल मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन कार्यक्रम समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। श्रीपाल सैनी, संदीप सिंघल, अनील बलाई ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्यामसुंदर मीणा थे। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा मंडल अध्यक्ष रामसिंह दिनकर, सरपंच टिंकल मीणा, महेश सैनी, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजकुमार सैनी, भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष बच्चू सिंह जाट, डायरेक्टर कमांडो हंसराज, बद्री प्रसाद सैनी, मैनेजर मानसिंह चौधरी थे। प्रारंभ में सभी अतिथियों का साफा बन्धन व माल्यापर्ण कर स्वागत किया। बाद में अतिथियों ने फीता काटकर क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घटान किया। गौरतलब हैं कि प्रतियोगिता में दो दर्जन से अधिक टीमें भाग ले रही है। इस दौरान श्रीपाल सैनी, संदीप सिंघल, अनील बलाई, इंद्र कुमार, बबली मीना सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

रैणी एसएचओ ओमप्रकाश मीना डीजीपी डिस्क से सम्मानित किया

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना। अलवर के रैणी-उपखंड मुख्यालय पर स्थित पुलिस थाना मे तैनात एसएचओ ओमप्रकाश मीना को रविवार को सीकर पुलिस लाइन मे आयोजित कार्यक्रम मे आईजीपी जयपुर रेन्ज द्वारा डीजीपी डिस्क देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि यह सम्मान एसएचओ मीना को आरपीटीसी किशनगढ (अजमेर) मे सिंचित निरीक्षक पद पर कार्यरत समय बैच संख्या-67 को बेहतरीन ट्रेनिंग देकर के उनकी पासिंग आउट परेड का बखूबी संचालन मे मीना का अति सराहनीय योगदान रहा इसी परिप्रेक्ष्य मे मीना को रविवार को सीकर पुलिस लाइन मे आयोजित कार्यक्रम मे बुलाकर आईजीपी जयपुर रेन्ज के द्वारा सम्मानित किया गया है। इस सम्मान के तुरंत बाद से ही मीना को चारो ओर से यार दोस्त रिश्तेदारो व सभी परिचितो के द्वारा फोन पर लगातार बधाई संदेश आ रहे है और मीना के इस सराहनीय कार्य की चारो ओर प्रशंसा की जा रही है। मीना वर्तमान मे अलवर के पुलिस थाना रैणी मे एसएचओ पद पर आसीन है।

अंबेडकर साहब का झंडा गंदे व कटी फटी हालत में मिलने से रोष व्याप्त

अंबेडकर विचार मंच के सदस्यों ने थाने में करवाई रिपोर्ट दर्ज

धनोप/ राजेश शर्मा। फुलिया कलां थाना क्षेत्र के कनेछन कलां गांव में 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर साहब की जयंती मनाई गई। जिसमें अंबेडकर साहब के झंडे लगाए गए। जयंती की रात को किसी अज्ञात लोगों के द्वारा झंडे को वहां से हटाकर 500 मीटर दूरी कटी फटी हालत में डाल दिया ' जिसको लेकर गांव के भीमराव अंबेडकर विचार मंच के सदस्यों ने फुलिया कला थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई ' रिपोर्ट में बताया गया कि बजरंगपुरा कनेछन कलां गांव में 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष में अंबेडकर साहब का झंडा लगाया था जिसको गांव के अज्ञात लोगों ने देर रात बाबा साहब के झंडे को उखाड़ कर 500 मीटर दूरी पर मेन बाजार पोस्ट ऑफिस के सामने वाली गली में फटी गंदी हालत में मिला जिससे हमारे महापुरूषों का अपमान हुआ जिससे हमारी भावनाएं आहत हुई है। अतः श्रीमान जी से अनुरोध है कि अज्ञात लोगों के खिलाफ जांच करके तुरंत रुप से कानूनी कार्रवाई करें। झंडा जिस जगह मिला उसके आसपास की दुकानें का सीसीटीवी फुटेज देखी जाए। अगर 24 घंटे में हमें न्याय नहीं मिला तो हम सभी आंदोलन करेंगे या गांव में इसकी वजह से किसी प्रकार का माहौल खराब होता है तो समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान हंसराज, मधुसूदन, कमलेश, राज बेरवा, धर्मराज, लीलाराम, रवि, विकास एवं भीमराव अंबेडकर विचार मंच के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

दोलतगढ क्षेत्र में ग्रेनाइट खदानों का जगह जगह डाला जा रहा मलबा

सड़कों पर फैल रही गंदगी से दुर्घटना के बन रहे आसार

आसींद/ सांवर मल शर्मा। उपखंड क्षेत्र आसींद में चल रही ग्रेनाइट की खदानों का रो मटेरियल जगह जगह सड़कों के किनारे डाला जा रहा है जिससे कभी भी दुर्घटना घटित हो सकती है, वर्षा के समय में रिसाव होकर यह पहाड़ नुमा ग्रेनाइट के पत्थर सड़कों पर आकर गिरेंगे कई जगह ग्रेनाइट के पत्थरों से पहाड़ के पहाड़ बन गए जो पैंथर जैसे वन्य जीव की शरण स्थली बन रहे हैं जो काश्तकारों के लिए चिंता का विषय है' दौलतगढ़ से झालरिया आसींद से कटार मार्ग रघुनाथपुरा से झालरा सहित कई जगह सड़कों के किनारे पत्थर पहाड़ नुमा नजर आते हैं।

योगी नाथ समाज के महासंगम में शामिल होने सैकड़ो समाज बंधुओं ने जयपुर के लिए किया कूच

योगी नाथ समाज के पदाधिकारियों के नेतृत्व में किया कूच

गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव। राजस्थान प्रदेश सरकार नाथ समाज के हितों की अनदेखी कर उनके अधिकारों का हनन कर रही है। हर क्षेत्र में प्रदेशसरकार ने नाथ समाज को पीछे रखा हुआ है। उक्त बात पालिका वाईस चेयरमैन सावरनाथ योगी ने बताई एवं कहा कि योगी नाथ समाज पदाधिकारियों के सानिध्य में, जयपुर में हो रहे, योगी नाथ समाज महासंगम जयपुर कार्यक्रम में सैकड़ों समाज बंधुओं ने कुच किया। नाथ समाज के प्रदेश के नेता श्रीराम नाथ योगी युवा नेता व वाइस चेयरमैन साँवर नाथ योगी के नेतृत्व में जयपुर में होने वाले नाथ योगी समाज के महासंगम में भीलवाड़ा जिले व गुलाबपुरा क्षेत्र से सैकड़ों समाज बंधुओं ने जयपुर की और कूच किया। योगी समाज के नेता राम नाथ योगी ने कहा कि आज संपूर्ण राजस्थान से योगी नाथ समाज के लाखों लोग जयपुर पहुंचकर समाज की एकता का परिचय दें, प्रदेश की कांग्रेस सरकार को एहसास करा देंगे कि राजस्थान प्रदेश में योगी नाथ समाज का भी अस्तित्व है जिसे वह नकार नहीं सकती। भाजपा नेता वाइस चेयरमैन सांवर नाथ योगी ने अपने संबोधन में हुंकार भरते हुए कहा की, प्रदेश की प्रदेश सरकार नाथ योगी समाज को कमजोर ना समझे प्रदेश की कांग्रेस सरकार हमेशा से ही नाथ योगी समाज के हितों की अनदेखी कर उन्हें अपमानित करने का प्रयत्न करती रही। राजस्थान नाथ योगी समाज महासंगम में, सांवर नाथ योगी, दुर्गा नारायण नाथ, रामनाथ रणजीत नाथ ,भोलूनाथ, महावीर नाथ कालूनाथ कैलाश नाथ विष्णु नाथ जगदीश नाथ ,किशन नाथ संपत नाथ, प्रदीप नाथ जीवन नाथ ,योगेश नाथ मिश्री नाथ महावीर नाथ पप्पू नाथ ,गोविंद नाथ शिव नाथ ,आशीष नाथ, करण नाथ ,गोपाल नाथ ,किशोर नाथ ,प्रधान नाथ सहित सैकड़ों व्यक्तियों ने जयपुर नाथ, राजस्थान नाथ योगी समाज महासंगम विद्यानगर जयपुर की ओर कूच किया।

भाजपा राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश सह प्रभारी का भाजपा नेता गुर्जर के नेतृत्व में हुआ स्वागत

गुलाबपुरा/ रामकिशन वैष्णव। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धनराज गुर्जर ने राष्ट्रीय सचिव विजया रहाटकर व भाजपा जिला अध्यक्ष लादुलाल तेली,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजु पालीवाल मेवाड़ का 29 मिल चौराहे देव पैलेस पहुंचने पर स्वागत किया गया एवं विश्वास दिलाया कि आगामी विधानसभा व लोकसभा में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस तानाशाही कोंग्रेस सरकार को वीरो की धरती राजस्थान से हमेशा के लिए उखाड़ कर फेकने का काम करेंगे' राष्ट्रीय सचिव विजया रहाटकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनाव में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुवे पार्टी के लिए कार्य करना है व विधानसभा व लोकसभा चुनाव में यशश्वी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जीत का बिगुल बजाना है' मंडल अध्यक्ष हरीश शर्मा ने जिले व मंडल से आये सभी पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों व कार्यकताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया' इस दौरान जिला महामंत्री वेदप्रकाश खटीक,मुरली जोशी, रघुवीर वैष्णव, दिनेश सुथार, ऊमाशंकर पारीक, मीनाक्षी नाथ, आशा नुवाल, कांता सोमाणी, शिवसिंह राठौड़, प्रवीण सारड़ा,महिला मोर्चा अध्यक्ष रंजना व्यास, गौतम आंचलिया,पिंटू वैष्णव, सरिता व्यास,कौशल्या लखारा, कृष्णा सिंह राजावत, संजय सेनी,बिट्टू सेन, पवन राज पारीक, शेर मोहम्मद, लालचंद रेगर, ओमप्रकाश सुवालका,पार्षद हेमंत कुंभकार,प्रेम देवी, उमेश मकवाना, संदीप नाथ,रचित पाराशर ,पियुष सुथार, ममता प्रजापत, अल्पना मोदी, पार्वती भारद्वाज सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता इत्यादि मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कार्यक्रम में रैणी प्रधान प्रतिनिधि मांगेलाल मीना ने की शिरकत

सितारा न्यूज नेटवर्क

रैणी(अलवर)/महेश चन्द मीना। अलवर की राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र की बीलेटा पंचायत के शिम्भुबास मे चल रही श्रीमद्भागवत कार्यक्रम मे रविवार को रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना (रिटायर्ड चीफ इंजीनियर पीडब्लूडी) ने शिरकत की और कार्यक्रम मे सभी के साथ मिलकर खूब हरि कीर्तन भी किया और मीना ने सभी श्रोताओ का सम्मान करते हुए सभी के उपर पुष्प वर्षा और मिठाईयो की बरसात की और कथा का आनन्द लिया। इस दौरान आयोजक ईश्वर लाल शर्मा व हरिओम शर्मा सहित गांव के सभी पंच पटेल व गांव वालो के द्वारा रैणी प्रधान प्रतिनिधी मीना का फूल मालाओ से व साफा बांधकर जोरदार स्वागत सत्कार किया गया।

उपखंड मुख्यालय पर एनएमओपीएस ने किया पेंशन संवैधानिक मार्च

कर्मचारियों ने केंद्र सरकार से एनपीएस राशि की मांग कर निकाली आक्रोश रैली

NMOPS
पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन
अलवर, राजस्थान

रैणी(अलवर)/महेश चन्द मीना। अलवर के रैणी उपखण्ड मुख्यालय पर रविवार को एनएमओपीएस के बैनर तले आक्रोश रैली का आयोजन किया गया ' जिसमे केंद्र सरकार से केंद्रीय कर्मचारियों की ओपीएस बहाली का मुद्दा जोर -शोर से उठाया गया और राज्य सरकार के कर्मचारियों के 41 हजार करोड़ रुपए की राशि का केंद्र सरकार से जल्द से जल्द लौटाने का आग्रह किया गया और चेतावनी भी दी है कि यदि केंद्र सरकार ऐसा नहीं करती है तो बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन पूरे प्रदेश स्तर पर व्यापक स्तर पर किया जाएगा तथा आगामी कार्ययोजना के तहत जिला स्तर पर सभी 25 सांसदो को ज्ञापन दिया जायेगा। एनएमओपीएस के जिला अध्यक्ष मुकेश इटोली ने मिडिया को बताया कि राज्य सरकार ने पेंशन बहाल कर के बड़ा ही पुण्य का कार्य किया है। मुकेश इटोली ने राज्य सरकार से जीपीएफ लेजर नंबर जल्दी जारी करने का निवेदन किया। इस कार्यक्रम में संयुक्त कर्मचारी महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष खेमराज मीना , पंचायती राज्य कर्मचारी संघ की अध्यक्ष मंतोष मीना , सभाध्यक्ष हरिमोहन मीना , संगठन के महामंत्री जयप्रकाश शर्मा , संगठन मंत्री प्रह्लाद कोहली , एनएमओपीएस के ब्लॉक अध्यक्ष बबलू मीना , प्रधानाचार्य सुकेश मीना , जगदीश करणपुरा , शिक्षक मुकेश महावर ,रामकेदार मीना, राकेश , हुकुम चंद ,महेश चंद,दिनेश टाटू व अन्य विभागों के अनेक कर्मचारियों ने भाग लिया।

अतीक अहमद के बेटे असद व उसके साथी के एनकाउंटर के बाद देश में क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को लेकर बहस शुरू हो गई है। क्या अपराधियों के खिलाफ एक्शन के लिए हमारी सरकार और पुलिस तंत्र के पास 'एनकाउंटर' ही तरीका बचा है? हिंदी बेल्ट के राज्य बिहार व उत्तर प्रदेश में अपराधियों व राजनीति के गठजोड़ का लंबा इतिहास रहा है, इस नेक्सस को तोड़ना आसान नहीं है। यूपी की योगी सरकार ने प्रदेश को अपराधमुक्त बनाने का संकल्प लिया है और इसके लिए सभी तरीके अपना रही है। अपराध के खिलाफ सरकार का जीरो टॉलरेंस होना ही चाहिए, लेकिन अपराधियों के खिलाफ एक्शन में सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन होना चाहिए। 'एनकाउंटर न्याय' की पड़ताल करता आजकल का यह अंक...

'एनकाउंटर' पर सियासत के खतरे

विश्लेषण

प्रमोद जोशी

वरिष्ठ पत्रकार

> **यूपी के माफिया अतीक अहमद के बेटे असद की एनकाउंटर से हुई मौत के बाद आधुनिक भारत की न्यायिक और प्रशासनिक व्यवस्था के सामने कुछ सवाल खड़े हुए हैं। इस एनकाउंटर से उत्तर प्रदेश सरकार की कानून-व्यवस्था से जुड़ी नीतियां चर्चा में हैं। ज्यादातर लोग इस बात पर जाना नहीं चाहते कि एनकाउंटर सही है या गलत? कोई यह भी नहीं जानना चाहता कि मारे गए चारों ने कितने अपराध किए थे? जनता के एक वर्ग में नाराजगी है, उनके मन में तमाम पुराने अनुभवों को देखते हुए प्रश्न हैं। अपराधियों को सीधे गोली मारने की पुकार इससे पहले कभी इतने मुखर तरीके से नहीं की गई। लेकिन देश में क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम भी है।**

उत्तर प्रदेश के माफिया अतीक अहमद के बेटे असद की एनकाउंटर से हुई मौत के बाद आधुनिक भारत की न्यायिक और प्रशासनिक व्यवस्था के सामने कुछ सवाल खड़े हुए हैं। इस एनकाउंटर से उत्तर प्रदेश सरकार की कानून-व्यवस्था से जुड़ी नीतियां चर्चा में हैं। दूसरी तरफ यह भी माना जा रहा है कि यूपी में पूंजी निवेश लाना है, औद्योगीकरण करना है और विकास से जुड़ी नीतियों को लागू करना है, तो प्रदेश को अपराध-मुक्त करना होगा, पर क्या अपराधियों के घरों को बुलडोज़ करके और उनका एनकाउंटर करने से समस्या का समाधान हो जाएगा? क्या हमारे पुलिस व्यवस्था के सामने यही विकल्प रह गए हैं? जुलाई 2020 में विकास दुबे के एनकाउंटर से यह बात स्पष्ट हुई थी कि उत्तर प्रदेश सरकार माफिया व अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपना रही है। इसी के साथ लोकतांत्रिक प्रणाली में अपराध के खिलाफ लड़ने का एक न्यायसंगत तरीका भी है। अपराधियों के खिलाफ एक्शन इस तरीके को साइड में रखकर नहीं किया जा सकता। दिल्ली में चले शाहीनबाग आंदोलन के समानांतर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हुई हिंसा के बाद प्रदेश सरकार ने जुर्माना वसूलने का अभियान भी चलाया, जिसमें अदालत ने हस्तक्षेप किया। क्या इस कार्रवाई के पीछे राजनीति है? देश की न्याय-व्यवस्था क्या इसकी अनुमति देगी? अनुमति नहीं देगी, तो फिर उसके पास समाधान क्या है? पिछले तीन-चार दशक से उत्तर प्रदेश में अपराधियों ने जिस तरह से खुलकर खेला, उसे रोकने में न्याय-व्यवस्था की भूमिका क्या है? सत्तर के दशक में नक्सली आंदोलन, नब्बे के दशक में पंजाब के आतंकवाद और अगस्त, 2019 के बाद कश्मीर में आतंकवाद-विरोधी कार्रवाइयों का अनुभव क्या बताता है? सीखने व सबक लेने के लिए अनेक उदाहरण हैं।

जनता क्या चाहती है?

हिंसा और अपराध के इस चक्रव्यूह में राजनीति और समाज-व्यवस्था की भी बड़ी भूमिका है। जनता के बड़े तबके ने, जिस तरह से असद की मौत पर खुशी मनाई है, तकरीबन वैसा ही 2019 में हैदराबाद में दिशा-बलात्कार मामले के चार अभियुक्तों की हिरासत में हुई मौत के बाद हुआ था। उन दिनों ट्विटर पर एक प्रतिक्रिया थी, 'लोग भागने की कोशिश में मारे गए, तो अच्छा हुआ। पुलिस ने जानबूझकर मारा, तो और भी अच्छा हुआ।' किसी ने लिखा, 'ऐसे दस-बीस एनकाउंटर और होंगे, तभी अपराधियों के मन में दहशत पैदा होगी।' अतीक के बेटे के एनकाउंटर को लेकर राजनीतिक दलों ने अपनी विचारधारा के आधार पर भी प्रतिक्रिया दी है, पर हैदराबाद प्रकरण में ज्यादातर राजनीतिक नेताओं और सेलेब्रिटीज़ ने एनकाउंटर का समर्थन किया था। जया बच्चन ने बलात्कार कांड के बाद राज्यसभा में कहा था कि रेपिस्टों को लिंच करना चाहिए और उस एनकाउंटर के बाद कहा-देर आयद, दुरुस्त आयद। कांग्रेसी नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने, जो खुद वकील हैं ट्वीट किया, हम 'जनता की भावनाओं का सम्मान' करें। यह ट्वीट बाद में हट गया। मायावती ने कहा, यूपी की पुलिस को तेलंगाना से सीख लेनी चाहिए। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी समर्थन में ट्वीट किया, जिसे बाद में हटा लिया। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने परोक्ष रूप से इसका समर्थन किया। पी चिदंबरम और शशि थरूर जैसे नेताओं ने घूम-फिरकर कहा कि एनकाउंटर की निंदा नहीं होनी चाहिए। हैदराबाद पुलिस को बधाइयां दी गईं। इस टीम में शामिल पुलिस वालों के हाथों में लड़कियों ने राखी बांधीं, टीका लगाया, उन पर फूल बरसाए।



क्या न्याय का यही आखिरी विकल्प है?

ज्यादातर लोग इस बात पर जाना नहीं चाहते कि एनकाउंटर सही है या गलत। कोई यह भी नहीं जानना चाहता कि हैदराबाद एनकाउंटर में मारे गए चारों अपराधी थे भी या नहीं। जनता नाराज है। उसके मन में तमाम पुराने अनुभवों का गुस्सा है। अपराधियों को सीधे गोली मारने की पुकार इससे पहले कभी इतने मुखर तरीके से नहीं की गई। क्या वजह है कि इसे जनता सही मान रही है? जनता को लगता है कि अपराधियों के मन में खौफ नहीं है। उन्हें सजा मिलती नहीं है, पर सरकारी हिंसा को जनता का इस कदर समर्थन भी कभी नहीं मिला। कम से कम पुलिस पर ऐसी पुष्पवर्षा कभी नहीं हुई। जनता की हमदर्दी पुलिस के साथ यों भी नहीं होती। तब ऐसा अब क्यों हो रहा है? हैदराबाद की परिघटना के समर्थन के साथ विरोध भी हुआ था, पर समर्थन के मुकाबले वह हल्का था। वह मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया और अब तेलंगाना पुलिस पर दबाव है कि वह अपनी टीम के खिलाफ हत्या का मुकदमा चलाए, तब सवाल उठता है कि पुलिस वाले हीरो थे या विलेन? एनकाउंटर उन्होंने अपनी इच्छा से किया या ऊपर के आदेश थे? अदालत किसे पकड़ेगी? क्या अपराधियों का इलाज यही है? क्या हमें कस्टोडियल मौतें स्वीकार हैं? पुलिस हिरासत में मरने वाले सभी अपराधी नहीं होते। निर्दोष भी होते हैं, पर पुलिस का कुछ नहीं होता। ऐसे मामलों में भी किसी को सजा नहीं मिलती। यह गंभीर बात है।

न्याय व्यवस्था से निराशा

पुलिस हिरासत में मौत का समर्थन जनता नहीं करती है। तालिबानी-इस्लामी स्टेट की तर्ज पर सरेआम गोली मारने या गर्दन काटने का समर्थन भी वह नहीं करती है, पर उसके मन में यह बात गहराई से बैठ रही है कि अपराधी कानूनी शिकंजे से बाहर रहते हैं। तो यह पुलिस तंत्र की विफलता है। अक्सर कहा जाता है कि भारत में न्यायपालिका ही आखिरी सहारा है, पर पिछले कुछ समय से न्यायपालिका को लेकर निराशा है। उसके भीतर और बाहर से कई तरह के सवाल उठे हैं। कल्याणकारी व्यवस्था के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य और शिक्षा के साथ न्याय-व्यवस्था बुनियादी ज़रूरत है। इन तीनों मामलों में मनुष्य को बराबरी से देखना चाहिए। दुर्भाग्य से देश में तीनों जिंस पैसे से खरीदी जा रही हैं। वास्तव में बड़े अपराधी साधन सम्पन्न हैं। वे अपने साधनों की मदद से सुविधाएं हासिल कर लेते हैं। जेल जाते हैं, तो वहां भी उन्हें सुविधाएं मिलती हैं। सबसे महत्वपूर्ण सवाल है कि सामान्य व्यक्ति को न्याय किस तरह से मिले? उसके मन में बैठे अविश्वास को कैसे दूर किया जाए? इन सवालों के इर्द-गिर्द केवल न्याय-व्यवस्था से जुड़े मसले ही नहीं है, बल्कि देश की सम्पूर्ण व्यवस्था है।

कौन है अतीक?

अतीक फैक्टर को भी समझने की जरूरत है। अतीक़ अहमद के बेटे असद और एक अन्य अभियुक्त ग़ुलाम मोहम्मद की झांसी के एनकाउंटर में हुई मौत के पहले दो लोग और मारे जा चुके हैं। चार मकानों को बुलडोज़रों की मदद से गिराया जा चुका है। अतीक अहमद की राजनीतिक पृष्ठभूमि के कारण इस कांड के राजनीतिक निहितार्थ हैं। अतीक अहमद अपने दमखम से 1989 से पांच बार विधानसभा चुनाव जीते। बाद में वे समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए और 2004 के लोकसभा चुनाव में भी जीते। विधानसभा क्षेत्र इलाहाबाद पश्चिम से उनकी सीट खाली हुई, तो 2004 के उपचुनाव में उन्होंने अपने भाई को भी वहां से मैदान में उतारा, पर वे बसपा के प्रत्याशी राजू पाल से हार गए। इसके बाद 25 जनवरी, 2005 को राजू पाल के क़ाफ़िले पर हमला हुआ। उन्हें कई गोलियां लगीं, जिसमें उनकी मौत हो गई। 18 साल हो गए अभी तक उस मामले का फैसला नहीं हुआ है। उसमें कुछ नए प्रकरण जुड़ते गए हैं और खूनी रेखाएं खिंचती चली गई हैं। इस साल 24 फरवरी को जिस उमेश पाल की हत्या हुई थी, वे राजू पाल की हत्या के मुख्य गवाह थे। इस हत्याकांड में पुलिस को उन दोनों व्यक्तियों की तलाश थी, जिनकी झांसी के एनकाउंटर में मौत हुई है। दोनों पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम रखा गया था। सीसीटीवी में ये दोनों गोली चलाते हुए देखे जा सकते हैं। अपराध का अतीत है।

'मिट्टी में मिला देंगे'

अब एक नज़र 'योगी फैक्टर' पर। 2017 का विधानसभा चुनाव जीतने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की कानून-व्यवस्था को रास्ते पर लाने की घोषणा की थी। 2 जून, 2017 को एक टीवी कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि अपराधियों को 'ठोक दिया जाएगा।' 2022 के चुनाव प्रचार के दौरान शामली की एक सभा में योगी ने कहा था, जो लोग उत्तर प्रदेश में अराजकता, फसाद और माफियावाद लाना चाहते हैं, ये देख लो 10 मार्च के बाद यह गर्मी शांत करवा देंगे। उमेश पाल की हत्या के एक दिन बाद उन्होंने विधानसभा में कहा, 'इस सदन में कह रहा हूं, इस माफिया को मिट्टी में मिला देंगे।' उत्तर प्रदेश की राजनीति में उनका यह बयान अब एक नया मुहावरा बनकर उभरा है। पर्यवेक्षक मानते हैं कि इस बयान का इस्तेमाल आने वाले लोकसभा चुनाव में किया जाए, तो हैरत नहीं होगी। सवाल वही है, समस्या का समाधान कौन करेगा, राजनीति, समाज या न्याय-व्यवस्था?

183 एनकाउंटर

झांसी एनकाउंटर के बाद यूपी भाजपा के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से 'जो कहते हैं, वो कर दिखाते हैं' के ट्वीट के साथ योगी आदित्यनाथ के बयान के 'मिट्टी में मिला देंगे' वीडियो को भी अटैच किया गया है। बुलडोजर की कार्रवाई को उत्तर प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनाव में मुद्दा बनाया गया था। भाजपा ने इसे अपने पक्ष में भुनाया, बल्कि बुलडोजर के पोस्टर लगाए गए। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार 2017 के बाद से झांसी में हुआ 183वां एनकाउंटर है। उत्तर प्रदेश पुलिस के अधिकारी कहते हैं कि अपराधों के प्रति हमारी ज़ीरो टॉलरेंस नीति है। इन 183 एनकाउंटरों के अलावा सरकारी डेटा के अनुसार पुलिस ऑपरेशन में घायल 5,046 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। जिन ऑपरेशनों में अपराधियों के पैरों में गोली मारी जाती है, उसे 'ऑपरेशन लंगड़ा' कहते हैं। इन ऑपरेशनों में पिछले छह वर्षों में 13 पुलिसकर्मी शहीद हुए हैं और 1443 घायल हुए हैं। डेटा पर ध्यान दें, तो पाएंगे कि सबसे ज्यादा एनकाउंटर मौतें 2018 में हुई थीं और सबसे कम 2022 में हुईं। सरकार व पुलिस तंत्र को इस सवाल का जवाब देना होगा कि 'क्या एनकाउंटर क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के न्यायसंगत तरीके का हिस्सा है?'

एनकाउंटर पर नहीं कोई स्पष्ट कानून पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त गाइडलान्स

भारत में एनकाउंटर को लेकर कोई स्पष्ट कानून नहीं है। यही कारण है कि समय-समय पर पुलिस मुठभेड़ों की विश्वसनीयता और वैधता पर सवाल उठाए जाते रहे हैं। भारत के कानून में कहीं भी एनकाउंटर को वैध ठहराने की बात नहीं है, लेकिन भारत का कानून पुलिस को यह अधिकार देता है कि जब अपराधी उन पर हमला करें तो वो जवाबी कार्रवाई कर सकते हैं और इस जवाबी कार्रवाई में बदमाश की मौत हो जाती है तो इसमें पुलिस की गलती नहीं होगी। सीआरपीसी की धारा 46 भारतीय आपराधिक कानून यानी कि सीआरपीसी की धारा 46 के तहत पुलिस को यह अधिकार मिलता है कि अगर कोई अपराधी पुलिस से बचकर भागने की कोशिश करता है, गिरफ्त से भागने की कोशिश करता है, हमला करता है, तो ऐसी परिस्थिति में पुलिस जवाबी कार्रवाई कर सकती है।

सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन

सुप्रीम कोर्ट ने एनकाउंटर को लेकर काफी सख्त गाइडलाइंस जारी कर रखी हैं। 2014 में पीयूसीएल बनाम महाराष्ट्र सरकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस एनकाउंटर में होने वाली मौतों को लेकर बाकायदा गाइडलाइन जारी की थी। कोर्ट ने एनकाउंटर के दौरान हुई हत्याओं को एक्स्ट्रा ज्यूडिशियल किलिंग भी कहा है।

1. आपराधिक गतिविधियों के बारे में किसी भी खुफिया जानकारी या टिप-ऑफ को केस डायरी या किसी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम में दर्ज किया जाना चाहिए।
2. मुठभेड़-मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए। मौत से जुड़ी चीजें, खून से सनी मिट्टी, बाल, रेशों और धागों समेत सबूत से जुड़ी सारी चीजों को रिकवर और प्रिजर्व रखा जाए।
3. सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, गुप्त सूचना या खुफिया जानकारी के आधार पर यदि कोई मुठभेड़ होती है और पुलिस पार्टी द्वारा फायरआर्म का उपयोग किया जाता है, जिसकी वजह से व्यक्ति की मौत हो जाती है तो ऐसे में बिना देरी किए हुए एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए और धारा 157 के तहत अदालत को भेज दी जानी चाहिए।
4. एनकाउंटर की स्वतंत्र जांच सीआईडी या किसी दूसरे थाने की पुलिस टीम से कराई जाए। चश्मदीदों की पहचान कर उनके बयान दर्ज किए जाएं, मौत का समय, कारण, लोकेशन और तरीकों को दर्ज किया जाए। एनकाउंटर में मारे गए व्यक्ति के फिंगरप्रिंट को केमिकल एनालिसिस के लिए भेजा जाना चाहिए। जिला अस्पताल के दो डॉक्टर पोस्टमॉर्टम करेंगे और इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी। गनशॉट और मेटल डिटेक्शन को ट्रेस करने के लिए टेस्ट किए जाने चाहिए।
5. पुलिस फायरिंग के दौरान हुई मौत के सभी मामलों में धारा 176 के तहत अनिवार्य रूप से मजिस्ट्रियल जांच की जानी चाहिए।
6. एनकाउंटर घटना के बारे में जानकारी एनएचआरसी या राज्य मानवाधिकार आयोग को भेजी जानी चाहिए, जैसा भी मामला हो।
7. एनकाउंटर के दौरान घायल अपराधी पीड़ित को चिकित्सा सहायता प्रदान की जानी चाहिए और मजिस्ट्रेट या चिकित्सा अधिकारी द्वारा उसका बयान दर्ज किया जाना चाहिए। घायल हुए अपराधी या पीड़ित को मेडिकल सहायता दी जानी चाहिए और मजिस्ट्रेट या मेडिकल ऑफिसर के सामने उसका बयान दर्ज किया जाना चाहिए
8. संबंधित अदालत को एफआईआर, डायरी, पंचनामा, फोटो आदि भेजने में देरी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। धारा 173 के तहत जांच रिपोर्ट सक्षम न्यायालय को भेजी जाए।
9. मृत्यु की स्थिति में, कथित अपराधी पीड़ित के निकट संबंधी को जल्द से जल्द सूचित किया जाना चाहिए।
10. सभी मामलों के छह-मासिक बयान जहां पुलिस फायरिंग में मौतें हुई हैं, उन्हें राज्य के डीजीपी द्वारा एनएचआरसी को भेजा जाना चाहिए।
11. अगर मौत आईपीसी के तहत अपराध की श्रेणी में आती है, तो अनुशासनात्मक कार्रवाई तुरंत शुरू की जानी चाहिए और पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया जाना चाहिए।
12. पुलिस अधिकारी (अधिकारियों) को फोरेंसिक और बैलिस्टिक विश्लेषण के लिए अपने हथियार सौंपने चाहिए। घटना की सूचना पुलिस अधिकारी के परिवार को भी दी जानी चाहिए और वकील काउंसलिंग की सेवाएं प्रदान की जानी चाहिए।
13. घटना के तुरंत बाद संबंधित अधिकारियों को कोई आउट ऑफ टर्न प्रमोशन या तत्काल वीरता पुरस्कार नहीं दिया जाएगा।
14. यदि किसी पीड़ित का परिवार पाता है कि उपरोक्त प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है, तो वह सत्र न्यायाधीश को शिकायत कर सकता है।
15. एनकाउंटर में मौत होने पर पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाना चाहिए।

एनएचआरसी की गाइडलाइन

एनकाउंटर को लेकर एनएचआरसी (राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग) से भी कड़ी गाइडलाइंस जारी हैं। पुलिस की गलती सामने आने पर बचने की गुंजाइश नहीं है। एनएचआरसी के 1997 के दिशा निर्देशों के अनुसार, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निम्नलिखित दिशा निर्देशों का पालन करना चाहिए।

1. थाना प्रभारी को पता चलते ही मुठभेड़ में मौत की सूचना उचित तरीके से दर्ज करनी चाहिए।
2. तथ्यों और परिस्थितियों की जांच के लिए तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए।
3. चूंकि पुलिस स्वयं मुठभेड़ में शामिल है, इसलिए मामलों की जांच राज्य सीआईडी जैसी स्वतंत्र एजेंसी द्वारा की जानी चाहिए।
4. चार माह में जांच पूरी की जाए। यदि जांच का परिणाम अभियोग में होता है, तो शीघ्र परीक्षण के लिए कदम उठाए जाने चाहिए।
5. सजा पर समाप्त होने वाले मामलों में मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने के मुद्दों पर विचार किया जा सकता है।
6. जब पुलिस के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के संज्ञेय मामले में शिकायत दर्ज की जाती है, तो आईपीसी की उपयुक्त धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए।
7. पुलिस कार्रवाई के कारण हुई मौतों के सभी मामलों में, अधिमानतः तीन महीने के भीतर एक मजिस्ट्रियल जांच की जानी चाहिए।
8. पुलिस कार्रवाई के कारण हुई मौतों के सभी मामलों की सूचना मृत्यु होने के 48 घंटे के भीतर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक द्वारा एनएचआरसी को दी जानी चाहिए।
9. पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट, जांच रिपोर्ट, मजिस्ट्रियल जांच के निष्कर्ष और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा की गई पूछताछ के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए तीन महीने के भीतर दूसरी रिपोर्ट एनएचआरसी को सौंपी जानी चाहिए।

अपराधियों से न हमदर्दी, न राजनीति हो

एनकाउंटर

सुशील राजेश

वरिष्ठ पत्रकार

उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विधानसभा में हुंकार सभी को याद होगी, जब उन्होंने कहा था कि 'माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। जान के लाले पड़ जाएंगे। माफिया या तो जेल में होगा अथवा उप्र से भाग जाएगा।' आज अतीक अहमद की नियति यही लग रही है। अतीक लोकसभा सांसद और कई बार विधायक चुने गए। ऐसे शख्स को माफिया करार देना अजीब लगता है, लेकिन उसका असली चरित्र माफिया का ही रहा है। उसकी कड़ी में मुख्तार अंसारी भी हैं। कुछ और भी होंगे। 2017 में योगी सरकार आने के बाद उप्र में अब तक कुल 183 मुठभेड़ की जा चुकी हैं। इन ऑपरेशनों में 13 पुलिसवाले भी 'शहीद' हुए हैं और घायलों का आंकड़ा भी हजारों में है। मुठभेड़ के सिलसिले रहे हैं और अपराधियों की हत्याएं की जाती रही हैं, लेकिन जिस तरह उप्र की स्पेशल टास्क फोर्स ने मुठभेड़ में अतीक के बेटे असद और उसके शूटर गुलाम को ढेर किया है, अतीक जेल की सलाखों के पीछे रह-रह कर रो रहा है, कुनबे की बर्बादी के लिए खुद को कसूरवार मान रहा है, उसने बहुत कुछ कबूल भी किया है, उससे साफ़ है कि उप्र में 'बाबा की सरकार' माफिया को मिट्टी में मिलाकर ही दम लेगी! असद-गुलाम पर 5-5 लाख रुपये के इनाम घोषित थे। प्रयागराज में उमेश पाल की दिनदहाड़े हत्या के संदर्भ में वे वांछित थे। उमेश बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के इकलौते गवाह थे। अब असद की मां शाइस्ता परवीन पर भी शक की सुई केंद्रित है। अभी तक वह फरार रही है। पुलिस उसे भी गिरफ्तार कर सकती है, यह तय लगता है। बुनियादी सवाल मुद्दत से उठाया जा रहा है कि क्या पुलिस किसी भी अपराधी को दंड देने की दलील के तहत जान से मार सकती है?

अतीक की स्वीकारोक्ति

अतीक और उसके छोटे भाई अशरफ पर साजिश रचने के आरोप हैं। यह अतीक ने पुलिस पूछताछ के दौरान कबूल किया है कि 24 फरवरी को प्रयागराज में उमेश पाल की हत्या की साजिश उसने ही रची थी। आज अतीक के दोनों बड़े बेटे लखनऊ जेल में बंद हैं। असद सुपुर्द-ए-खाक किया जा चुका है। छोटे दोनों बेटे सुधार-गृह में बंद हैं। कुछ गुर्गे आज भी फरार हैं। अतीक और उसके करीबियों के महलनुमा मकानों पर बुलडोजर चलाकर, उन्हें ज़मींदोज किया जा चुका है। अतीक के अपराध, खौफ, यातनाओं के ठिकाने सार्वजनिक हो चुके हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 200 से अधिक बैंक खातों, 100 से ज्यादा बेनामी और अवैध संपत्तियों और 75 लाख रुपये से ज्यादा की नकदी बरामद की है। माफिया का संपूर्ण चक्रव्यूह चिंदी-चिंदी बिखर रहा है। ये तथ्य भी सामने आए हैं कि अतीक के तार पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े थे। उसके लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मुहम्मद सरीखे आतंकी संगठनों से भी नापाक जुड़ाव थे। अतीक ने पाकिस्तान और हमारे पंजाब के रास्ते विदेशी हथियार और फंडिंग आदि प्राप्त किए थे। अतीक वे जगहें बताने को भी तैयार बताया जा रहा है, पंजाब में जहां ड्रोन से हथियार फेंके जाते थे। क्या यह माफिया भारत-विरोधी भी रहा है? यह बेहद संवेदनशील सूचना है। अतीक का माफिया-साम्राज्य सरकारी एजेंसियों के राडार पर आ चुका है या अब भी खुलासे होने शेष हैं?



मुठभेड़ों की परंपरा

असद और गुलाम करीब 49 दिनों तक, करीब 4000 किलोमीटर भागते रहकर, मुंबई, बिहार, बंगाल और अजमेर में छिपते हुए, पुलिस और खुफिया टीम की आंखों में धूल झोंकते रहे। उन्होंने कई मोबाइल सिम बदले, कुछ वेशभूषा भी बदली। यह उनका तय रोडमैप था। उमेश पाल की हत्या से पहले ही सभी की भूमिकाएं तय हो गई थीं। कौन पनाह देगा, कहां भाग कर जाना है, किससे पैसा मिल सकेगा, यह सब कुछ साजिश का हिस्सा थे, लेकिन नियति मुठभेड़ की तय थी। उप्र में मुठभेड़ों की परंपरा रही है। कई डाकू मारे गए हैं, छोटे भाई पटेल सरीखे अपराधी मार गिराए गए हैं, लिहाजा मुठभेड़ हत्याओं पर चिल्ल-पौं नहीं किया जाना चाहिए। अतीक ने मात्र 17 साल की उम्र में ही अपराध को कबूल कर लिया था। जब उसे माफिया माना गया, तो सरकार के बड़े अधिकारी, पुलिसवाले और यहां तक कि नेता भी खौफ खाते थे। उसके आतंक से आतंकित थे।

माफिया को 'शेर' मानने की भी गलतफहमियां जारी रहीं, लेकिन आज उसका साम्राज्य वाकई 'मिट्टी' हो चुका है। अब इस माफिया के मिट्टीकरण पर सियासत भी शुरू हो गई है। अतीक मुलायम सिंह यादव और मायावती के करीब और संरक्षण में रहा है, लिहाजा सपा-बसपा के नेताओं ने मुठभेड़ और कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। चूंकि असदुद्दीन ओवैसी 'अल्पसंख्यकवादी' सियासत करते हैं, लिहाजा वह चिंघाड़ रहे हैं कि पुलिस ही मुठभेड़ में मारती रहेगी, तो अदालतें और जज क्या करेंगे? अदालतों पर ताले लटका देने चाहिए। किसी भी अपराध की सजा सरकार और पुलिस नहीं, न्यायपालिका तय करती है। अतीक को राजनीतिक संरक्षण मिलता रहा है और अदालतें भी उसे अपराधी साबित करने में असमर्थ रही हैं। बीते दिनों अतीक को एक मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।

जवाबदेही तय होनी जरूरी

बहरहाल गौरतलब यह है कि भारत के दंड विधान और संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जो मुठभेड़ और मानवीय हत्या की इज़ाज़त देता हो। अलबत्ता पुलिस को कुछ विशेषाधिकार भी दिए गए हैं, जो आत्म-रक्षा या अपराधी के भाग जाने अथवा किसी अन्य अपरिहार्य स्थितियों में इस्तेमाल किए जा सकते हैं। कोई भी हरेक मुठभेड़ को 'फर्जी' या 'सांप्रदायिक' करार देने के भी पक्ष में नहीं होगा। इस संदर्भ में सर्वोच्च अदालत के दिशा निर्देश गौरतलब हैं। मुठभेड़ और उनमें हत्या के बाद धारा 176 के तहत, मामले की, अनिवार्य रूप से न्यायिक जांच की जानी चाहिए। इसकी रपट धारा 190 के तहत अधिकार-क्षेत्र वाले न्यायिक मजिस्ट्रेट को भेजी जानी चाहिए। राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोग को भी रपट भेजी जानी चाहिए। मुठभेड़ के बाद प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए। उसे धारा 157 के तहत, बिना देरी किए, अदालत को देनी चाहिए। असद-गुलाम के संदर्भ में भी प्राथमिकियां दर्ज कराई गई हैं। मुठभेड़ हत्याओं के मामले 5 गुना बढ़े हैं। भारत के स्तर पर यह बढ़ोतरी करीब 70 फीसदी है। भारत में अप्रैल, 2016 के बाद छह साल के दौरान मुठभेड़ हत्याओं के 813 केस दर्ज किए जा चुके हैं। अर्थात औसतन हर तीसरे दिन एक मुठभेड़ और हत्या..! सबसे ज्यादा 259 मुठभेड़ें और हत्याएं छत्तीसगढ़ में हुई हैं। उप्र 120 औसतन मुठभेड़ हत्याओं के साथ दूसरे स्थान पर है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने 23 मार्च, 2022 को राज्यसभा में खुलासा किया था कि मानवाधिकार आयोग सिर्फ एक बार ही अनुशासनात्मक कार्रवाई या पुलिस पर मुकदमा चलाने की सिफारिश कर सका है। मुठभेड़ के संदर्भ में मात्र 7.16 करोड़ रुपये का कुल मुआवजा दिया गया है।

उप्र में बीते छह साल से सीएम योगी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है। लिहाजा आंकड़े गिनाए जा रहे हैं कि इस दौरान कितनी मुठभेड़ें की गईं और उन्हें कोई भी इंसाफ़ नहीं मिला, लेकिन अंतिम फैसला अदालत का होना चाहिए। यहां पर यह भी मौजू सवाल है कि आखिर माफिया को लेकर पुलिस क्या करे? क्या माफियागिरी को जिंदा रहने दें, फलने-फूलने दें? इस पहलू पर भी विचार किया जाना चाहिए, क्योंकि मुठभेड़ की जवाबदेही भी अदालत में देनी पड़ती है।

सितारा न्यूज ब्रीफ

लक्ष्मणगढ़ में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करने उमड़े युवा

161 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

सितारा न्यूज नेटवर्क

लक्ष्मणगढ़(अलवर)। दक्ष प्रजापति यूनियन ट्रस्ट के तत्वाधान में लक्ष्मणगढ़ कस्बे कि चिल्ड्रन होम उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में रविवार को 24वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। दक्ष प्रजापति यूनियन ट्रस्ट के बीरबल प्रजापति ने बताया कि रक्तदान शिविर में समाज के रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और शिविर में कुल 161 यूनिट रक्तदान एकत्रित हुआ। कार्यक्रम में प्रसिद्ध जादूगर राजतिलक प्रजापति उदयपुर ने अपने शो के जरिए रक्तदाता और भामाशाह का मनोरंजन व उत्साह वर्धन कर रक्तदान करने के लिये लोगों को प्रेरित किया। वही रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को दक्ष प्रजापति यूनियन ट्रस्ट के द्वारा प्रशस्ति पत्र, हेलमेट व दीवार घड़ी देकर सम्मानित किया गया। वही इस दौरान डीपीयू प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर प्रजापत, जिला संरक्षक किशन लाल, जिला अध्यक्ष डॉ तुलसीराम बड़ेरिया, पन्नीलाल, सतीश, दुलीचंद, भोम सिंह, प्रह्लाद, बीरबल प्रजापत, मुकेश प्रजापत सहित समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

बालिका होस्टल को लेकर मीना समाज की मिटिंग हुई आयोजित

सितारा न्यूज नेटवर्क

रैणी(अलवर)/महेश चन्द मीना । मीना समाज धर्मशाला नयाबास अलवर में मीना बालिका हॉस्टल को लेकर मीना समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आदिवासी सेवा संस्थान राजगढ-अलवर के अध्यक्ष रामकिशन आदुका ने की तथा विशिष्ट अतिथि ऊर्जा मंत्रालय निदेशक एम एल मीना रहे। रामकिशन आदुका ने बालिका हॉस्टल की प्रगति प्रतिवेदन सबके सामने रखा और उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री और मंत्रियों के लिखित निर्देशों के बावजूद भी यूआईटी अलवर से बालिका हॉस्टल को जमीन आवंटित नहीं हुई है। विशिष्ट अतिथि एम एल मीना ने समाज की फाइल को लंबे समय तक लंबित रहने पर चिंता जाहिर की। बैठक में सर्वसम्मति से मीना बालिका छात्रावास संघर्ष समिति का गठन किया गया जिसका संयोजक बोदन लाल मीना को बनाया गया। इस मौके पर प्रोफेसर हरिसिंह मीना, डॉ जगदीश मीना, डॉ भरत मीना, प्रोफेसर भागीरथ मीना, रामकिशन मीना महासचिव सेवा संस्थान, कंवर पाल व्याख्याता, विक्रम सिंह सचिव अंबेडकर नगर, लल्लू राम, रामसिंह सौगन, रामजीलाल, कृष्ण कुमार, रामलाल, जयनारायण और बड़ी संख्या में मीना समाज के लोग उपस्थित रहे।

ब्रजभूमि कल्याण परिषद का अपराध मुक्त राजस्थान निर्माण अभियान प्रारंभ

ब्रज रक्षा मार्च अलवर में प्रत्येक विधानसभा में जाकर करेगी जन जागरण : डॉ पंकज गुप्ता

ब्रज बचाओ धर्म बचाओ भारत बचाओ
ब्रजभूमि कल्याण परिषद
ब्रज रक्षा मार्च
अपराध मुक्त राजस्थान निर्माण अभियान
16 अप्रैल 2023 से 25 जून 2023 तक

सितारा न्यूज नेटवर्क

रुपेश शर्मा। ब्रजभूमि कल्याण परिषद के तत्वाधान में भगवत गीता के माध्यम से अपराध मुक्त राजस्थान निर्माण अभियान की शुरूआत आज बांके बिहारी मंदिर भरतपुर से प्रारंभ हुई। कार्यकताओं ने बांके बिहारी मंदिर, भरतपुर मे श्री कृष्णम वंदे जगद्गुरूम को मेवात विकास बोर्ड भंग करने और ब्रज विकास बोर्ड बनाने और राजस्थान के हिस्से वाले ब्रज क्षेत्र में ब्रज कॉरिडोर विकसित करने का ज्ञापन आराध्य श्री कृष्ण के चरणों में अर्पित किया और ब्रज रक्षा यात्रा - ब्रज रक्षा मार्च का शुभारंभ किया ' यह यात्रा अलवर की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जाएगी और जन जागरण कर अपराध मुक्त समाज निर्माण का संदेश ब्रज की रक्षा धर्म हमारा ब्रज का मान बढ़ाएंगे नहीं झुकेंगे नहीं रुकेंगे ब्रजवासी कहलाएंगे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएगी, अलवर के बाद परिषद की योजना इस जन-जागरण संदेश यात्रा को पूरे राजस्थान में ले जाने की है' आज के कार्यक्रम में ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता के अलावा परिषद के प्रदेश सचिव प्रेम प्रकाश शर्मा, निर्मल सुरा, मथुरा प्रमुख विजय कुमार चतुवेर्दी, कपिल आनंद चतुवेर्दी, नगर अध्यक्ष जसवंत कुमार गुप्ता, गीता परिवार के जिलाध्यक्ष श्री जावली, भरतपुर से अनिल भारद्वाज, डीग के प्रमुख दीपेंद्र सिंह फौजदार दीपू बहज आदि दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हंसराज पहलवान ने जीती कुश्ती प्रतियोगिता

लालसोट (वरुण कामदार)। राज्य स्तरीय कवाक कुरेस कुश्ती प्रतियोगिता में हंसराज मीना पिता श्री मूलचंद मीना ने उदयपुर में 14 अप्रेल 2023 को कांस्य पदक जीता है। कुश्ती संघ के अध्यक्ष के के शर्मा,इंडिया कोच हिमांशु राजौरा, अंतरराष्ट्रीय कोच लिलाधर पालीवाल के तत्वाधान में प्रतियोगिता आयोजित करवाया गया। इस अवसर पर उपस्थित रहे जगदीश चौधरी कोच, संदीप श्रीमाली एडिशनल पीपी, दीपक राजौरा, रोशन देवगांव बस्सी आदि लोग उपस्थित रहे। हंसराज ने 12 बार जीत दर्ज कर चुके है श्यामपुरा, टोडाभीम, नादोती, कोटा, बस्सी, हिमाचल प्रदेश, लवाण, मुंडली, भीलवाड़ा, राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर, गंगापुर सिटी, उदयपुर समेत कई जगहों पर भी कुश्ती की प्रतियोगिता जीत का श्रेय अपने माता-पिता को दिया पूरे भारत मे आपने क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन टीम की एक सकारात्मक पहल

स्थानीय सरपंच प्रतिनिधी कमलेश मीना ने भी मौके पर 21 सौ रुपए की नकद सहयोग राशि देकर की मदद

अग्निकांड पीड़ित परिवार को 11 हजार नकद व एक पंखा देकर की मदद

रैणी(अलवर)/महेश चन्द मीना। अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कानेटी के भैडोली गांव मे अज्ञात कारणो से आग लग जाने से पीड़ित परिवार के लाखो रुपए का नुकसान हो गया है और दो भैस व गाय भी जल गई है। इसलिए राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन टीम ने पीड़ित परिवार की मदद करने का बीडा उठाते हुए एक सकारात्मक अच्छी पहल की है और टीम ने रविवार दोपहर को घटनास्थल पर जाकर पीडित परिवार को 11 हजार रुपए नकद सहयोग राशि दी और एक सिलीग पंखा भी दिया गया। टीम के साथ साथ मौके पर ही आकर स्थानीय सरपंच प्रतिनिधी कमलेश मीना ने टीम के माध्यम से टीम के साथ साथ ही 21 सौ रुपये की नकद सहयोग राशि दी है और साथ ही पीडित परिवार को आश्वस्त किया कि पंचायत की तरफ से पीडित परिवार की हर सम्भव सहायता की जाती रहेगी और सरकार की तरफ से सहायता दिलाने के लिए भी पटवारी से मौका रिपोर्ट बनवाकर तहसीलदार रैणी कार्यालय के माध्यम से जिला कलेक्टर अलवर कार्यालय भी भिजवा दी गई है। इस दौरान मौके पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के राजस्थान प्रदेश संयुक्त सचिव महेश चन्द मीना व संगठन टीम के पदाधिकारी /सदस्य भी मौजूद रहे जिनमे हरिराम (भावी सरपंच उम्मीदवार) भूड़ा , नरेश जैन परबैणी, फतेह सिंह भूडा , मलखान परबैणी , दीपक जागा रैणी , राकेश नागल सहित स्थानीय सरपंच प्रतिनिधी कमलेश मीना व वार्ड पंच सहित अनेक गणमान्य ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

जिला स्तरीय बैंच प्रेस प्रतियोगिता सम्पन्न

युवराज शर्मा। पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन ऑफ जिला अलवर के तत्वाधान में आज रविवार को अपना घर शालीमार गेट नंबर 3 के अंदर जिला स्तरीय बैंच प्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष अंकित कौशिक ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर व मास्टर्स महिला व पुरूष सभी कैटेगरी के प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें स्ट्रांग वूमेन लक्ष्मी राहुल यादव स्ट्रांग मैन अजय सैनी वह ओवरऑल चैंपियनशिप गंगवाल जिम ने जीती। जिला सचिव नीरज कपूर ने बताया महिला वर्ग में 53 केजी में कोमल मीणा प्रथम, 59 केजी जूनियर पल्लवी प्रथम, सीनियर में गुंजन यादव प्रथम,डोली द्वितीय, 60 केजी में लक्ष्मी व राहुल यादव प्रथम, 74 केजी में नया मेरा प्रथम, सपना दतिया 13 केजी में नीरू कालरा प्रथम, जसप्रीत कौर सीनियर में प्रथम, 19 केजी में मोनिका प्रथम तथा भावना द्वितीय स्थान पर रही ' पुरूष वर्ग में:- 53 ˝ वर्ग में सब जूनियर अलकुश कुरेशी प्रथम शुभम डिटेल सुरेंद्र सिंह तृतीय 59 केजी में सब जूनियर अर्जुन प्रथम रोहित मीणा द्वितीय विष्णु कुमार तृतीय जूनियर में जुबेर खान प्रथम प्रमोद कुमार वित्तीय ताहिर खान तृतीय सीनियर में अजय सैनी प्रथम शुभम शर्मा अजय सिंह तृतीय, 59-66 केजी वर्ग में सब जूनियर रितिक पाराशर प्रथम रोहित सोलंकी द्वितीय ललित सिसोदिया तृतीय जूनियर वर्ग में मानसिंह प्रथम वसीम खान द्वितीय सुमित यादव तित्तीय सीनियर वर्ग में सविनय गॉड प्रथम, 66-74 केजी वर्ग में सब जूनियर विशाल मीणा प्रथम ओम प्रकाश सैनी द्वितीय शुभम यादव तृतीय जूनियर वर्ग में निसार खान प्रथम अमन चौधरी द्वितीय धर्मपाल सिंह तृतीय सीनियर वर्ग में रफीक मोहम्मद प्रथम तुषार द्वितिय सुनील कुमार सैनी तृतीय स्थान पर रहे। 74-83 केजी वर्ग वर्ग में धर्मेंद्र जाट प्रथम रामकुमार साहू द्वितीय देव गोयल तृतीय जूनियर वर्ग में भव्य सैनी प्रथम संदीप सैनी द्वितीय विश्व इंदर सिंह तृतीय सीनियर वर्ग में प्रकाश वर्मा प्रथम हिमांशु द्वितीय शाहिद खान तृतीय स्थान पर रहे। 83-93 केजी भार वर्ग में विनय गुर्जर प्रथम समीम खान द्वितीय सीनियर वर्ग में नवीन मीणा प्रथम शाहरुख खान द्वितीय राहुल चौधरी तृतीय स्थान पर रहे। 93-105 केजी भार वर्ग में जूनियर लव गोस्वामी प्रथम मृदुल चौधरी द्वितीय सीनियर वर्ग में विक्रम सिंह प्रथम अनिल कुमार द्वितीय भानु शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। 105-120 केजी भार वर्ग में गोलू पहलवान प्रथम सिमरनजीत द्वितीय शुभम जांगिड़ जूनियर में प्रथम रहे।

भगवा झंडे को जलाने के मामले में हिंदू समुदाय में गरमाया माहौल

सितारा न्यूज नेटवर्क

पुलिस थाना कारोई जिला भीलवाड़ा राज.

गुरला/ बद्री लाल माली। कारोई पुलिस के अनुसार कारोई निवासी दयाशंकर पिता ख्याली लाल भांड ने थाने में रिपोर्ट दी कि, कस्बे में हनुमान महोत्सव के उपलक्ष में ग्राम में भगवा झंडे व फरिया लगाई गई, जो अभी तक लगी हुई है, शुक्रवार रात्रि को बस स्टैंड पर होते हुए अपने साथियों सांवरलाल ,नारायणलाल के साथ घर जा रहे थे उस समय बस स्टैंड पर लगे भगवा झंडे को मोहम्मद हुसैन व अनवर हुसैन जला रहे थे, हम ने मना किया तो हमारे से झगड़ा करने पर उतारू हो गए वह धमकी देने लग गए।इन लोगों ने जानबूझकर हमारी धार्मिक भावनाओं को आहत करने की नियत से झंडे को जलाया भांड की रिपोर्ट पर कार्रवाई शुरू की, मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गंगापुर, गोरधन लाल खटीक पहुंचे, दयाशंकर भांड की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की, जांच में सामने आया कि हुसैन के घर के बाहर लगे झंडे व फरिया नीचे गिर गई थी ,जिन्हें घर के कचरे में डाल दिया, घर के बाहर जल रही आग में कचरा ले जाकर डाल दिया, मामले को लेकर अनवर हुसैन को गिरफ्तार कर लिया गया। इधर पूरे गांव में बस स्टैंड ,मुख्य बाजार ,पहुना चौराहा व मस्जिद के पास पुलिस बल तैनात कर दिया गया कि माहौल खराब ना हो ।

नब्बे वर्षीय शिक्षाविद् की पुस्तक का हुआ विमोचन

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। नब्बे वर्षीय शिक्षाविद् एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिवनामसिंहजी की पुस्तक ह्यपर्यावरण संरक्षण, संस्कार और हमः एक अनुचिन्तनह्न का विमोचन शिव मन्दिर प्रन्यास भवन में वरिष्ठ साहित्यकारों, शिक्षाविदों तथा गणमान्यजनों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भवानी शंकर व्यास (विनोद), विशिष्ट अतिथि डॉ. किशोर सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष डा. एस.एन. हर्ष तथा लेखक शिवनाम सिंह मंच पर उपस्थित रहे। पुस्तक विमोचन का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवल, माल्यार्पण तथा डा. बसन्ती हर्ष द्वारा सरस्वती वन्दना के साथ हुआ। लेखक परिचय सुरेश मित्तल तथा पत्र वाचन डॉ. मो. फारूख चौहान के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि भवानी शंकर व्यास ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह पुस्तक इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें लेखक की दृष्टि मंगलविधायिनपी है, भाव साझेदारी का है तथा फलक पारदर्शी है। ऐसी पुस्तक कभी काल-बाधित नहीं होती। लम्बी प्रतीक्षा के बाद अन्ततः अत्यन्त उपयोगी पुस्तक पाठकों को उपलब्ध हुई है। अध्यक्षीय उद्बोधन में डा. एस.एन. हर्ष ने कहा कि विविध विधाओं से ओतप्रोत नब्बे वर्षीय युवा की पुस्तक के विमोचन का साक्षी बनना हम सब के लिए गौरवमयी पल है। आपकी स्मरण शक्ति, अनुभव और चिन्तन का लाभ पुस्तक के रूप में समाज को भविष्य में भी मिलता रहेगा ऐसी हम सभी को आशा है। हाजी सरदार अली ने कविता प्रस्तुत की। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों और गणमान्यजनों का माल्यार्पण, शॉल ओढ़ा कर एवं स्मृचि चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन, मोहनलाल जांगिड़ ने किया तथा श्रीमती रेणु सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। डा. शंकर लाल स्वामी, इन्द्रसिंह, डॉ. रेखा सिंह, दीपा सिंह, राजेन्द्र कुमार गर्ग, डॉ. एस.पी. गुप्ता, डा. अजय जोशी, राजाराम स्वर्णकार, तिलक राज, रजिया सुल्ताना, घनश्याम सिंह, डा. मधुसूदन व्यास, सुधीश शर्मा, नदीम अहमद नदीम, डॉ. नरसिंह बिन्नाणी, रामकिशोर शर्मा, आनन्द कौर, विथिका सिंह, कुणाल सिंह, प्रणय सिंह, मीना शर्मा, डॉ. सुमित व्यास, दर्शन सिंह, वन्दना शर्मा, महेन्द्रसिंह, प्रणव सिंह, नन्दिनी सिंह सहित अनेक गणमान्यजन पुस्तक विमोचन के साक्षी रहे।

पुस्तक लोकार्पण समारोह
पर्यावरण संरक्षण
संस्कार

सांसद के जन्म दिवस पर भाजयुमो ने शुरू किया परिंडा अभियान

युवराज शर्मा । भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा दक्षिण के द्वारा जिला अध्यक्ष तरुण जैन के नेतृत्व में आज अलवर सांसद महंत बालक नाथ योगी के जन्मदिवस के अवसर पर हसन खां मेवात नगर महताब सिंह का नोहरा में 51 परिंडे लगाए गए ।कार्यक्रम संयोजक भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र गोयल,अमित कश्मीरी ने बताया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता थे जिला अध्यक्ष गुप्ता ने कहा गर्मी के मौसम के आते ही पशु पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना मानव प्रजाति का नैतिक कर्तव्य है ।अध्यक्षता भाजपा विवेकानंद मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान ने की ।भाजयुमो कार्यकताओं ने गौ शाला में गुड़ चारा भी डाला। इस अवसर पर भाजपा महीला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनीता सैनी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष इब्राहिम खान, भाजपा जिला मंत्री लक्ष्मी जाटव,भाजयुमो उपाध्यक्ष चतर सिंह गुर्जर ,राहुल खान मयंक खंडेलवाल,जिला मंत्री साहिल खत्री, बूटा सिंह,शहर अध्यक्ष सरजीत जाटव,जतिन छाबड़ा,हिमांशु पारीक,रोहित शर्मा ,हिमांशु अग्रवाल,विवेक शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

धर्मेंद्र राठौड़ की मध्यस्थता में मंत्रालयिक एकता मंच की मुख्यमंत्री से हुई वार्ता

मंत्रालयिक कर्मचारियों का क्रमिक अनशन जारी

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ (राज्य मंत्री) की मध्यस्थता में आज मंत्रालयिक एकता मंच की मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से वार्ता संपन्न हुई। मंत्रालय एकता मंच के सदस्य महेंद्र शर्मा ने बताया कि वार्ता में द्वितीय पदोन्नति पद सहायक प्रशासनिक अधिकारी को ग्रेड पे 4200 एवं तद्नुरूप ऊपर के सभी पदों की ग्रेड पे संशोधित करते हुए उपनिदेशक प्रशासन का एक नवीन पद सृजित करने, पदोन्नति के पदों की संख्या में वृद्धि करने, कनिष्ठ सहायक का आरंभिक वेतन 25500 करने तथा वरिष्ठ सहायक के काटे गए पदों को बहाल करते हुए 6 सूत्री मांग पत्र पर विस्तार से चर्चा की गई । मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने औपचारिक वार्ता हेतु अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा से ओपचारिक वार्ता करवाने के लिए मुख्यमंत्री की सचिव आरती डोगरा को निर्देश प्रदान किए। मंत्रालयिक एकता मंच के शिष्टमंडल में राजेश पारीक, गजेंद्र सिंह राठौड़, महेंद्र सिंह धायल, सुरेश धाभाई, देवेंद्र सिंह नरूका, मनोज सक्सेना, छोटे लाल मीणा, महेंद्र शर्मा, नागेंद्र सिंह नाथावत, राजेंद्र मीणा, राजाराम यादव, रवि चतुर्वेदी एवं रामकिशोर मीणा शामिल थे। शहीद स्मारक पर मंत्रालयिक एकता मंच द्वारा किये जा रहे क्रमिक अनशन के आज 32वें दिन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सुभाष लुगरिया के नेतृत्व में अमर परमार, सोनू लखेरा, रोहित सिंह एवं मुकेश शर्मा क्रमिक अनशन पर बैठे। मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा सरकार द्वारा बजट में उपेक्षा किए जाने के बाद अपनी प्रमुख मांगो सहायक प्रशासनिक अधिकारी को ग्रेड पे 4200 एवम्कनिष्ठ सहायक को आरंभिक वेतन 25500 किए जाने की प्रमुख मांगों के साथ 6 सूत्री मांग पत्र के समर्थन में मंत्रालयिक एकता मंच के तत्वावधान में 16 मार्च 2023 से शहीद स्मारक पर क्रमिक अनशन किया जा रहा है। मंत्रालयिक कर्मचारियों की मुख्य मांगें द्वितीय पदोन्नति के पद सहायक प्रशासनिक अधिकारी की ग्रेड पे 4200 करने, एक नया पदोन्नति का पद उप निदेशक प्रशासन ग्रेड पे 8700 में सृजित करने, कनिष्ठ एवं वरिष्ठ सहायकों के काटे गए पदों को बहाल करने, कनिष्ठ सहायक का आरंभिक वेतन 25500 करने, पंचायती राज संस्थाओं के कार्मिकों को भी राज्य कर्मचारी मानते हुए अन्य विभागों के समान पदोन्नति के पद सृजित करने तथा गृह जिला समायोजन, कनिष्ठ सहायक की शैक्षिक योग्यता स्नातक करने, पदोन्नति हेतु अनुभव में पूर्ण शिथिलता देने, चिकित्सालय एवं विद्यालयों में मंत्रालय कर्मचारियों को 5 दिन का सप्ताह करने, कंप्यूटर टंकण परीक्षा विभाग स्तर पर आयोजित करवाने की है। आज अनशन कताओं के समर्थन में राजेश पारीक, गजेंद्र सिंह राठौड़, सुरेश धाभाई, महेन्द्र सिंह धायल, देवेंद्र सिंह नरूका, अजय कुमार मीणा, कुंज बिहारी गुर्जर, पवन कुमार टाक, अमर परमार, रमेश तिवारी, छोटे लाल मीणा, कुलदीप शर्मा, जितेंद्र भारद्वाज, मयंक शर्मा, महेंद्र सिंह शेखावत आदि कर्मचारी अनशन पर बैठे। औपचारिक सहमति होने तक क्रमिक अनशन जारी रहेगा।



केजीएफ 3 के बाद अब रॉकी भाई ने हाथ मिलाया मलयालम डायरेक्टर से

चेन्नई। साउथ इंडस्ट्री के सुपरस्टार यश अपनी फिल्म केजीएफ और केजीएफ चैप्टर 2 को लेकर काफी फेमस हैं। कन्नड़ एक्टर यश की दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। आपको बता दें कि केजीएफ चैप्टर 2 ठीक एक साल पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म को लोगों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म ने विश्व भर में धमाकेदार कमाई की थी। अब रिपोर्ट्स की मानें तो यश अपने अगले प्रोजेक्ट में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक गीतू मोहनदास के साथ काम करते नजर आएंगे। यश की अगली फिल्म के बारे में बात करते हुए एक सूत्र ने बताया, यश और गीतू मोहनदास पिछले एक साल से एक प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा कर रहे हैं। यश उनकी लाई फिल्म की कहानी और इसके कॉन्सेप्ट से इतने इंप्रेस हुए कि उन्होंने इसे करने के लिए तुरंत अपना मन बना लिया।

लाइफ Style

नीसा
आखिर क्यों भड़की?

बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और काजोल की बेटी को बहुत से लोग न्यासा कहकर पुकारते हैं। लेकिन अब खुद उन्होंने सामने आकर अपना सही नाम बताया है। एक्टर अजय देवगन और काजोल की बेटी नीसा देवगन सोशल मीडिया स्टार हैं। इंटरनेट पर फेमस सभी बॉलीवुड किड्स में शायद सबसे ज्यादा चाहने वाले नीसा के ही हैं।

मुंबई। नीसा फिलहाल इंडस्ट्री का हिस्सा नहीं हैं, बावजूद इसके वो हद से ज्यादा फेमस हैं। स्टार किड को अक्सर उनके दोस्तों के साथ पार्टी करते और मजे लेते हुए देखा जाता है। नीसा बॉलीवुड के उन स्टार किड्स में से एक हैं जिनका नाम अक्सर सबकी जुबान पर रहता है। जिनके नाम को लेकर अक्सर बहुत से लोग कंफ्यूज रहते हैं। अजय देवगन और काजोल की बेटी को बहुत से लोग न्यासा कहकर पुकारते हैं। लेकिन अब खुद उन्होंने मीडिया के सामने आकर अपना सही नाम बताया है। वायरल वीडियो में वह पैपराजी से कहती हैं कि उनका नाम न्यासा नहीं बल्कि निशा है। वीडियो में निशा को करीबी दोस्त ओरहान अवात्रामणि के साथ देखा जा सकता है। वह दोनों एक रेस्टोरेंट से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में निशा देवगन कार में बैठ रही होती हैं। तभी सभी पैपराजी उन्हें न्यासा कहते पुकारते हैं। जिस पर वह कहती हैं, 'मेरा नाम नीसा है'। सोशल मीडिया पर नीसा देवगन का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। आपको बता दें कि बीते कुछ वक्त से निशा और ओरहान अवात्रामणि को अक्सर साथ में देखा जाता है। बीते दिनों यह दोनों राजस्थान वेकेशन एन्जॉय करते हुए नजर आए थे। राजस्थान वेकेशन की तस्वीरों को ओरहान अवात्रामणि ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की थीं। इन तस्वीरों में निशा देवगन और ओरहान अवात्रामणि के अलावा अन्य दोस्त भी नजर आए थे।

हॉलीवुड मसाला

'बिग बैंग थ्योरी' के फैंस के लिए अच्छी खबर

न्यूयार्क। पॉपुलर अमेरिकन टीवी शो 'द बिग बैंग थ्योरी' एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए लौट रहा है। लेकिन एक नए रूप में। दरअसल, यंग शेल्डन की सफलता के बाद निर्माता चक लॉरे 'द बिग बैंग थ्योरी' के एक नए स्पिन-ऑफ का निर्माण कर रहे हैं। यह निर्माण एचबीओ के साथ मिलकर किया जा रहा है। लॉरे ने खुलासा किया है कि वह 'बिग बैंग थ्योरी' फ्रैंचाइजी के अंदर एक और सीरीज बनाने की तैयारी की जा रही है। वार्नर ब्रदर्स द्वारा रखी गई डिस्कवरी की प्रेस मीट के दौरान 'बिग बैंग थ्योरी' के स्पिन-ऑफ की घोषणा की गई है।

कोरियन अभिनेत्री जंग चाई यूल की मौत की गुत्थी अनसुलझी

प्योंगयांग। कोरियन ड्रामा यानी 'के-ड्रामा' की स्टार अभिनेत्री जंग चाई यूल की महज 26 साल की उम्र में हुई मौत पहेली बन गई है। चाई यूल ने 11 अप्रैल को आखिरी सांस ली। अभिनेत्री की एजेंसी द्वारा साझा किए गए आधिकारिक बयान में उनकी मृत्यु के कारण का खुलासा नहीं किया गया है। हैरान करने वाली बात यह है कि वह अपने घर पर मृत मिली हैं। 26 वर्षीय जुंग चाई यूल की मैनेजमेंट एजेंसी ने अपने आधिकारिक बयान में लिखा था, 'हम आपको एक दिल दहला देने वाली खबर देने के लिए आए हैं। अभिनेत्री चाई यूल हमें छोड़ कर चली गई हैं। उनका अंतिम संस्कार उनके परिवार की इच्छा के अनुसार निजी तौर पर किया जाएगा। हम आशा करते हैं कि आप मृतक के लिए प्रार्थना करेंगे ताकि चाई यूल, जो अपने शानदार अभिनय के लिए जानी जाती थी उनकी आत्मा को शांति मिले।



अनुराग को दुनिया ने माना कांस में जाएगी 'कैनेडी'...

मुंबई। बॉलीवुड फिल्म मेकर अनुराग कश्यप की फिल्म 'कैनेडी' कांस फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीन की जाएगी। यह इकलौती ऐसी फिल्म है, जिसे कांस फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है। इसके अलावा मई में फिल्म का प्रीमियर होने वाला है। इससे पहले अनुराग ने फिल्म के फर्स्ट लुक का अनावरण किया है। 'कैनेडी' में सनी लियोनी और राहुल भट मुख्य किरदार में नजर आने वाले हैं। फिल्म के प्रमुख किरदारों का परिचय देते हुए फिल्म निर्माता ने लिखा, ₹मिलिए केनेडी और चार्ली ₹ सनी बेज रंग की साड़ी और सफेद श्रग में बेहद खूबसूरत लग रही हैं और अपने ओवरसाइज़्ड शेड्स और वेवी हेयरडू के साथ रेट्रो वाइब्स दे रही हैं, जबकि राहुल को बंदूक से निशाना लगाते हुए कैमरे में कैद किया गया। 'कैनेडी' एक थ्रिलर ड्रामा बताई जा रही है। प्रोजेक्ट के बारे में बताते हुए अनुराग कश्यप ने साझा किया था, "यह एक ऐसी फिल्म और शैली है, जिसे मैं हमेशा से एक्सप्लोर करना चाहता था।

बॉलीवुड में 'राजकुमारी' बनने के लिए तैयार हैं सामंथा...

मुंबई। सामंथा रुथ प्रभु की फिल्म शाकुंतलम आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म में अभिनेत्री की एक्टिंग फैंस को खूब पसंद आ रही है। इस फिल्म में उनके साथ देव मोहन, मोहन बाबू और अल्लू अराह नजर आ रहे हैं। फिल्म में एक बार फिर साउथ के जाने-माने डायरेक्टर ने माइथोलॉजिकल कैरेक्टर के जरिये भव्यता को पेश करने की कोशिश की है। फिल्म के ट्रेलर की काफी चर्चा रही थी। अब खबर आ रही है कि सामंथा आयुष्मान खुराना संग एक हॉरर कॉमेडी फिल्म में नजर आने वाली हैं। आयुष्मान खुराना और सामंथा रुथ की इस फिल्म के प्रोड्यूसर दिनेश विजान हैं। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि आयुष्मान एक वैम्पायर की भूमिका में नजर आएंगे जबकि सामंथा एक प्रिंसेज की भूमिका निभाएंगी। खबरों के अनुसार फिल्म का टाइटल वैम्पायर ऑफ विजय नगर है। यह इस साल के आखिर तक या फिर 2024 की शुरुआत में फ्लोर पर आएगी। इस फिल्म का निर्देशन अमर कौशिक करेंगे।

टीवी मसाला

'द कपिल शर्मा शो' होने जा रहा बंद? पीछे की वजह जानकर रह जाएंगे दंग

मुंबई। कॉमेडियन कपिल शर्मा पिछले कुछ सालों से अपने 'द कपिल शर्मा शो' से दर्शकों को गुदगुदाते आ रहे हैं। हालांकि, इस शो से जुड़ी जो नई डिटेल सामने आई है उससे कॉमेडियन के फैंस को झटका लगना लाजमी है। रिपोर्ट की मानें तो, यह शो अस्थायी रूप से बंद होने जा रहा है। 'द कपिल शर्मा शो' को लेकर जानकारी है कि यह कुछ समय के लिए बंद हो जाएगा। इसके पीछे की वजह यह है कि कपिल अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताने के लिए ब्रेक लेना चाहते हैं। वहीं, निर्माताओं को भी इस ब्रेक के दौरान शो और कुछ कलाकारों में बदलाव लाने का मौका मिल जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, द कपिल शर्मा शो से जुड़े एक सूत्र ने बताया है, 'सीजनल ब्रेक ने वास्तव में शो के लिए काम किया है जिससे हमें कंटेंट और कलाकारों के मामले में चीजों को बेहतर करने का मौका मिला है। इसके अलावा, कॉमेडी एक कठिन शैली है और एक्टर्स को एक ब्रेक की आवश्यकता होती है ताकि वह भी बोर ना हो जाएं।' मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सोर्स ने बताया है कि अभी इसकी फाइनल डेट कन्फर्म नहीं की गई है लेकिन टीम के मई में शूट पूरा करने की संभावना है। इस तरह सीजन का आखिरी एपिसोड जून में स्ट्रीम होगा।

टीवी से गायब रूपल त्यागी का वर्षों बाद छलका दर्द

मुंबई। टीवी की दुनिया में 'सपने सुहाने लड़कपन के' की गुंजन के किरदार ने रूपल त्यागी को घर-घर मशहूर कर दिया था, लेकिन इस सीरियल के बाद वह एकदम से गायब हो गईं। अब काफी वर्षों बाद रूपल का अपने करियर के संघर्षों को लेकर दर्द छलका है। गौरतलब है कि रूपल महज 16 साल की उम्र में अपने सपनों को पूरा करने बेंगलुरु से मुंबई आई थीं। अभिनय से पहले रूपल ने कोरियोग्राफर्स को असिस्ट किया है। यही नहीं, रूपल ने फिल्म 'चुप चुप के' और 'भूल भुलैया' जैसी फिल्मों में विद्या बालन शाहिद कपूर और करीना कपूर जैसे सितारों को कोरियोग्राफ किया है। हाल ही में, रूपल ने एक इंटरव्यू में अपना दर्द बयां किया और सक्सेस के बाद उनकी जिंदगी कैसे हमेशा के लिए बदल गई। अभिनेत्री का कहना है कि शो 'सपने सुहाने लड़कपन के' की सक्सेस के बाद उनकी जिंदगी बदल गई और उन्हें पता चला कि फेम क्या होता है? सक्सेस क्या होता है? रूपल ने यह भी कहा कि इस शो के बाद लोग उन्हें टीवी की करीना कपूर कहने लगे थे। वह पहले बस और ऑटो में सफर करती थीं।

'जुबली' के फैंस के लिए खुशखबरी! प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई सीरीज

bविक्रमादित्य मोटवानी की वेब सीरीज 'जुबली' प्राइम वीडियो पर रिलीज हो चुकी है। अदिति राव हैदरी, प्रसेनजीत चटर्जी, अपारशक्ति खुराना, वामिका गब्बी, सिद्धांत गुप्ता, नंदीश संधू और राम कपूर जैसे कलाकारों के अभिनय सजी यह सीरीज हमें पुराने दौर की याद दिलाती है। इसे देखने के लिए लोग उत्साहित थे। रिलीज होते इस सीरीज ने न केवल समीक्षकों की बल्कि दर्शकों की भी जमकर तारीफ लूटीं। जहां प्रीमियर पर दर्शकों को इसके सिर्फ छह ही एपिसोड देखने मिले थे, वहीं आज इसके बाकी बचे हुए पांच एपिसोड भी रिलीज हो गए हैं। 'जुबली' के फैंस के लिए अच्छी खबर आ रही है। जिन दर्शकों को सीरीज की आगे की कहानी जानने की उत्सुक्ता थी उनका इंतजार अब खत्म हो चुका है। दरअसल, अमेजन प्राइम वीडियो पर 'जुबली' के बाकी बचे हुए पांचों एपिसोड भी रिलीज हो चुके हैं। ऐसे में हुई न यह आपके लिए अच्छी खबर।

'जुबली' के बारे में बात करते हुए निर्माता और निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी ने कहा था कि, 'जुबली एक प्रेम कहानी है, जो मेरे दिल में हमेशा रही है। जब मैं फिल्मों में बतौर एक सहायक निर्देशक था, तब से मैं इस कहानी पर काम करना चाहता था। जुबली की कहानी हर इंसान के बारे मे कुछ बोलती नजर आती है और यही बात वह बात थी, जिसने मुझे पहली बार में कहानी की ओर आकर्षित किया था। हमने ऑडियंस को सीरीज से जोड़ने के लिए इसके प्रत्येक पहलू पर बहुत मेहनत की है।'

आलीशान घरों के मालिक हैं साउथ इंडस्ट्री के ये बड़े कलाकार

चेन्नई। साउथ फिल्म इंडस्ट्री के कलाकारों के दुनिया भर में लाखों की संख्या में फैंस हैं। इन कलाकारों ने अपने अभिनय,काम और बेहतरीन फिल्मों से दुनिया भर में अच्छी पहचान हासिल की है। साउथ के कलाकार न ही सिर्फ फैन फोलोइंग में आगे हैं, बल्कि कमाई के मामले में भी यह कलाकर काफी आगे हैं। साथ ही इन कलाकारों के घरों की बात की जाए तो इनके घर बॉलीवुड के सितारों से भी कई ज्यादा महंगे और आलीशान हैं।

बॉलीवुड में लोग सलमान खान और शाहरुख खान के घरों को लेकर बात करते हैं, लेकिन आज हम साउथ के इन सुपरस्टार्स के बारे में बात करेंगे जो आलीशान घरों के मालिक हैं।

अल्लू अर्जुन : अल्लू अर्जुन साउथ फिल्म इंडस्ट्री के बहुत बड़े कलाकार हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में कई बेहतरीन फिल्में दी हैं। साथ ही वह कमाई के मामले में काफी आगे हैं। एक्टर के घर को लेकर बात करें, तो उनका घर हैदराबाद जुबली हिल्स में है। यहां पर एक्टर का आलीशान बंगला है, जिसकी कीमत 100 रुपये तक बताई जाती है। आपको बता दें कि एक्टर जल्द ही फिल्म पुष्पा 2 में नजर आने वाले हैं, जिसका उनके फैंस को बेसब्री से इंतजार है।

राम चरण : राम चरण टॉलीवुड का जाना माना नाम है। वह इंडस्ट्री के बेहतरीन कलाकारों में से एक हैं। बीते साल रिलीज हुई उनकी फिल्म आरआरआर ने वैश्विक स्तर पर खूब कमाई की है। साथ ही दुनिया भर में खूब नाम किया है, इसके अलावा साल 2023 में नाटू नाटू गाने ने अपने नाम ऑस्कर अवॉर्ड भी किया है। एक्टर की फिल्म ने कमाई के मामले में कई रिकॉर्ड तोड़े थे। आपको बता दें कि राम चरण कमाई के मामले में काफी ज्यादा आगे हैं और वह 38 करोड़ के घर के मालिक हैं।

यश : कन्नड़ फिल्मों के सुपरस्टार यश अपनी बेहतरीन फिल्म केजीएफ के लिए जाने जाते हैं। केजीएफ के दोनों ही पार्ट दर्शकों को काफी पसंद आए थे। यहां तक कि विदेशों में भी फिल्म को काफी पसंद किया गया था। आपको बता दें कि एक्टर का आलीशान घर बेंगलुरु में है, जिसकी कीमत रिपोर्ट्स के अनुसार 50 करोड़ तक है।

प्रभास : प्रभास अपनी बेहतरीन फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने बॉलीवुड में भी डेब्यू कर लिया है। एक्टर के घर की बात करें तो वह एक आलीशान बंगले के मालिक हैं। जानकारी के मुताबिक एक्टर के घर की कीमत 60 करोड़ तक है।

सामंथा रुथ प्रभु : सामंथा रुथ प्रभु साउथ की बड़ी और खूबसूरत एक्ट्रेस में से एक हैं। एक्ट्रेस का घर हैदराबाद में है। वह एक आलीशान बंगले की मालकिन है, जिसकी कीमत 80 से 85 करोड़ तक है। आपको बता दें कि हाल ही में एक्ट्रेस की फिल्म शाकुंतलम रिलीज हुई है। एक्ट्रेस उसके प्रमोशन में काफी वक्त से व्यस्त थीं।

आज पुण्यतिथि : शायर और गीतकार आरज़ू लखनवी ने फिल्मी गीतों को थिएटर शैली से मुक्त किया

फिल्मी गीतों को सरल शब्द दिए और दुनिया गुनगुनाने लगी उनके नग़मे

मुंबई। आरज़ू लखनवी वो पहले शायर-गीतकार थे जिन्होंने उर्दू को फ़ारसी और अरबी से अलग कर शायरी और फिल्मी माहौल से आसान बनाने की कोशिश की और आम लोगों की ज़बान पर चढाने का काम किया। जबकि उन्हें अरबी और फ़ारसी की अच्छी समझ थी लेकिन उनके गीत-गजल फ़िल्मी रहे हों या गैर-फ़िल्मी, उन्होंने कठिन फ़ारसी शब्दों से परहेज़ किया, इसीलिए उनके अशआर सुनने वालों पर गहरा असर छोड़ जाते हैं। आरज़ू लखनवी जो सिनेमा में आने से पहले ही ख़ासे मक़बूल हो चुके थे और इसकी वजह थी – आसान उर्दू अल्फ़ाज़ के इस्तेमाल से गहरी से गहरी बात कह जाने का उनका अंदाज़।



अपने समय के बेहतरीन शायर और गीतकार सैयद अनवर हुसैन "आरज़ू" के जन्म को लेकर कई मत हैं पर ज़्यादातर जगहों पर उनके जन्म की तिथि और साल 16 फ़रवरी 1873 है। अपने पिता की तरह वो भी "जलाल लखनवी" के शागिर्द रहे, और उसी दौरान वो दूसरे शागिर्दों को भी सिखाने लगे थे। उनकी शायरी में वो कमाल था कि 18 साल की उम्र तक आते-आते उनका शुमार बड़े-बड़े शायरों में होने लगा था। और फिर जल्दी ही वो उर्दू अदब का एक जाना-माना नाम बन गए। एक वक़्त आया जब उन्हें "अल्लामा" के ख़िताब से नवाज़ा गया था। उनके नाटक का मंचन न्यू थिएटर्स के मालिक बी एन सरकार ने देखा था और वो उनके लेखन से काफ़ी प्रभावित थे तो उन्होंने आरज़ू लखनवी को न्यू थिएटर्स में स्टोरी डिपार्टमेंट का हेड बनने की पेशकश की और इस तरह आरज़ू लखनवी न्यू थिएटर्स से जुड़ गए। वहाँ काम करने के दौरान आरज़ू लखनवी ने गीत लिखने के साथ-साथ कहानी और संवाद लेखन भी किया।

1936 में आई "मंज़िल" वो पहली फ़िल्म थी जिसके डायलॉग और गीत आरज़ू लखनवी ने लिखे थे। इसके बाद मुक्ति (37) और फिर दुश्मन में उन्होंने गीत लिखे, उन गीतों ने अपने वक़्त में धूम मचा दी थी। फिर स्ट्रीट सिंगर (38), दुश्मन (39) जवानी की रीत (39), नर्तकी (40), लगन (41), डॉक्टर (41) जैसी फिल्मों के गीत भी बहुत मशहूर हुए। कुछ गाने पंकज मलिक या के. एल. सहगल के गाए गानों के कलेक्शन में मिल जाते हैं, मगर कुछ एलबम पर गीतकार के नाम में आरज़ू लखनवी की जगह मुंशी आरज़ू लिखा मिलता है।

रोटी में लिखा गीत गाया बेगम अख्तर ने



1942 में महबूब ख़ान के बुलावे पर वो मुंबई चले गए। महबूब ख़ान की फ़िल्म रोटी (42) में बहज़ाद लखनवी और सफ़दर आह के साथ आरज़ू लखनवी ने भी गीत लिखे थे। उनका लिखा एक गाना "उलझ गए नयनवा छूटे नहीं छुटाए बेगम अख़्तर की आवाज़ में इतना मशहूर हुआ था कि स्टेज परफॉरमेंस के दौरान बार-बार उनसे उस गाने की फरमाइश की जाती थी। देश की आज़ादी के बाद फ़िल्मों का रुप-रंग बदल रहा था नए-नए गीतकार सिनेमा में प्रवेश कर रहे थे। उस समय आरज़ू लखनवी ने पाकिस्तान जाने का फैसला किया। वहाँ वो रेडियो से जुड़े रहे और 16 अप्रैल 1951 में इस दुनिया से रुख़सत हो गए। फिल्मों से इतर भी उन्होंने हर तरह की शायरी की लेकिन उनकी ग़ज़लें, गीत और मर्सिया बहुत पसंद किये गए। उन्होंने हज़ारों ग़ज़लें लिखी जिनमें ज़्यादातर रोमेंटिक थीं, उनके सात दीवान मिलते हैं।

खास

विशेष कवरेज

अधिक दौड़ने से हो सकते हैं रनर्स नी के शिकार

घर पर यह करें

- ○ पैरों को अधिक से अधिक आराम दें।
- ○ बर्फ से घुटनों की सिकाई करें।
- ○ घुटनों पर गर्म पट्टी बांधें।
- ○ बैठने या लेटने पर मुलायम तकिया उपयोग करें।

रनर्स नी या पैटेलोफेमोरल पेन सिंड्रोम एक ऐसी समस्या है जो धावकों के बीच बेहद आम मानी जाती है। यह समस्या उन लोगों को होती है जो बहुत ज्यादा दौड़ते या कूदते, उछलते हैं। यह समस्या घुटनों के अत्यधिक इस्तेमाल या घुटने में चोट लगने के कारण भी हो सकती है। जो लोग क्षमता से अधिक कसरत करते हैं, उनके घुटने की मांसपेशियां कमज़ोर होने लगती हैं, जिसके कारण घुटनों में दर्द उठता है। हालांकि, ऐसा जरूरी नहीं कि यह समस्या केवल दौड़ने वालों को ही हो। जो भी व्यक्ति घुटनों का अत्यधिक इस्तेमाल करता है उसे यह समस्या हो सकती है। दौड़ने से होने वाली इस बीमारी के बारे में खेल चिकित्सों का कहना है कि खिलाड़ी को अपनी क्षमता के अनुसार ही प्रदर्शन करना चाहिए। अधिक व्यायाम करते हैं तो उसके अनुरूप विश्राम भी करें।

दौड़ते वक्त सावधानी बरतें, क्षमता के अनुसार ही दौड़ लगाएं धावक

जंप रोप, फुटबॉल, हॉकी, खो-खो और हैंडबॉल खिलाड़ियों को खतरा

दर्द होने पर दौड़ना, स्क्वाट्स, कूदना, देर तक बैठना, खड़े रहना कम करें

परेशानी होने पर डॉक्टर से संपर्क करें व इलाज करवाएं

यह इलाज

उपचार की पहली प्राथमिकता दर्द को कम करना होता है। कुछ गतिविधियों से आराम मिल सकता है। कई बार दर्द से राहत के लिए ओरल एनाल्जेसिक, आइस एप्लिकेशन का एक छोटा कोर्स दिया जा सकता है। जो दर्द को कम कर खिलाड़ी को राहत प्रदान कर सकता है।

अन्य उपचार

- व्यायाम
- टेपिंग
- हाथ से किया गया उपचार
- फुट ऑर्थोसेस
- ब्रेसिंग

ये हो सकते हैं कारण

- बहुत अधिक कसरत करना
- अत्यधिक दौड़ना या कूदना
- अत्यधिक स्क्वाट्स करना
- घुटने में चोट लगना
- जांघों की कमज़ोर मांसपेशियां
- हड्डी का खिसकना

अन्य घटक

- क्वाड्रिसेप्स पुनः प्रशिक्षण
- कूल्हे की मांसपेशियों का पुनः प्रशिक्षण
- निचले अंगों की मांसपेशियों को मजबूत बनाना
- धड़ की मांसपेशियों के लिए सहनशक्ति निर्माण
- संतुलन और समन्वय प्रशिक्षण

टेपिंग फीमर *पटेला की असामान्य स्थिति को ठीक करता है।*

मैनुअल थेरेपी *जैसे जोड़ों और कोमल ऊतकों को जुटाना, मालिश से पीएफपी से जुड़े लक्षणों में राहत मिल सकती है।*

क्या है रनर्स नी

यह चोट अति उपयोग यानी ज्यादा दौड़ने से होती है। यह नीकैप (घुटने के ऊपर की हड्डी) और जांघ की हड्डी के बीच के जोड़ पर तनाव पड़ने से होती है। रनर्स नी सामान्य शब्द है, जिसका उपयोग उन स्थितियों का वर्णन करने के लिए किया जाता है जो पटेला (घुटने की टोपी) के आसपास दर्द का कारण बनती है। इन स्थितियों में पटेलोफेमोरल दर्द सिंड्रोम, इलियोटिबियल बैंड सिंड्रोम और कोंड्रोमलेशिया पटेला शामिल हैं। खिलाड़ियों में पटेला के आसपास दर्द मस्कुलोस्केलेटल सिस्टम से संबंधित खेल चोटें 20-40% तक हो सकती हैं।

महिला खिलाड़ियों को ज्यादा खतरा

हाल में हुए महामारी विज्ञान के अध्ययनों से पता चलता है कि रनर्स नी पुरुषों की तुलना में महिला खिलाड़ियों में ज्यादा देखने को मिलता है। इसके अलावा कम उम्र के लोगों, मोटे और एथलीटों में परेशानी अधिक होती है।

यह हैं लक्षण

- धावक के पटेला और उसके आसपास दर्द।
- सीढ़ियां चढ़ने और उतरने में परेशानी।
- चलने, जॉगिंग करने में दिक्कत होना।
- बैठने या घुटने टेकने में दिक्कत होना।
- दौड़ने और लंबे समय तक बैठने में दर्द।
- घुटने के जोड़ में सूजन।
- पॉपिंग साउंड और क्रेपिटेशन।

इमेजिंग टेस्ट

- एक्स-रे
- एमआरआई
- सीटी स्कैन।

यह दिखता है असर

- कूल्हे या जांघ में आंतरिक घुमाव में वृद्धि
- कूल्हे में बढ़ा हुआ व्यसन
- खराब ट्रंक नियंत्रण
- घुटने पर स्पष्ट बाहरी घुमाव
- पैर उभड़ा हुआ लग सकता है
- अपर्याप्त टखने का पृष्ठीय मोड़

यह भी सिफारिश

रोकथाम द अमेरिकन एकेडमी ऑफ ऑर्थोपेडिक सर्जन धावकों के घुटने को रोकने के लिए निम्नलिखित चरणों की सिफारिश करता है।

आकार में रहें: समग्र स्वास्थ्य रोकथाम में बहुत आवश्यक घटक।

पर्याप्त वार्मअप: घुटने पर जोर देने वाली मुख्य गतिविधियां करने से पहले 5 मिनट का वार्म अप करें और उसके बाद नियमित स्ट्रेच करें।

धीरे-धीरे प्रशिक्षण सत्र बढ़ाएं: कसरत को धीरे-धीरे बढ़ाएं, एकदम अधिक अभ्यास करेंगे तो दर्द में बढ़ोतरी होगी।

उचित रनिंग शूज़: खिलाड़ी को अच्छी गुणवत्ता के उचित फिटिंग और आरामदायक जूते पहनने चाहिए। अगर आपके पैर फ्लैट हैं तो फुट ऑर्थोस पहनने की सलाह दी जाती है।

एक्सपर्ट व्यू

परेशानी बढ़ने पर करवानी पड़ सकती है सर्जरी

ज्यादा परेशानी बढ़ने पर सर्जरी भी करवानी पड़ सकती है। लेकिन ऐसे मामलों में सर्जरी तभी संभव है जब खिलाड़ी दूसरे सारे विकल्प आजमा चुका होता है। सर्जरी केवल तभी इंगित की जाती है जब घुटने के जोड़ का उपास्थि क्षतिग्रस्त हो और आवश्यक रेडियोलॉजिकल जांच के बाद इसकी पुष्टि हो जाती है। अगर पटेला को फिर से अलाइन करने की जरूरत हो तो सर्जरी करनी पड़ सकती है।

-डॉ. राजेश रोहिल्ला, सीनियर प्रोफेसर, स्पोर्ट्स मेडिसन एवं स्पोर्ट इंजरी सेंटर, पीजीआईएमएस, रोहतक

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
राजस्थान	5	4	1	8
लखनऊ	5	3	2	6
गुजरात	5	3	2	6
पंजाब	5	3	2	6
कोलकाता	5	2	3	4
चेन्नई	4	2	2	4
बेंगलोर	4	2	2	4
मुंबई	4	2	2	4
हैदराबाद	4	2	2	4
दिल्ली	5	0	5	0

ऑरेंज कैप
वेंकटेश
234 रन

पर्पल कैप
मार्क वुड
11 विकेट

बाबर के शतक से पाक की न्यूजीलैंड पर आसान जीत

लाहौर। कप्तान बाबर आजम के नाबाद शतक से पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 38 रन की आसान जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने दो दिन में दूसरी बार टॉस जीतकर बाबर की 58 गेंद में नाबाद 101 रन की पारी से चार विकेट पर 192 रन का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान दौरे पर इंडियन प्रीमियर लीग में खेल रहे आठ मुख्य खिलाड़ियों और चोटिल केन विलियमसन के बिना आई न्यूजीलैंड की टीम हारिस राउफ (27 रन पर चार विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने सात विकेट पर 154 रन ही बना सकी।

आईपीएल : मुंबई की चार मैचों में दूसरी जीत, केकेआर की तीसरी हार

वेंकटेश का शतक बेकार, मुंबई ने कोलकाता को 5 विकेट से हराया

एजेंसी ⏭ मुंबई

मुंबई इंडियंस ने वेंकटेश अय्यर के रिकॉर्ड शतक पर पानी फेर कर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां 14 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से आसान जीत दर्ज की। वेंकटेश अय्यर ने 51 गेंदों पर 104 रन बनाए। केकेआर ने छह विकेट पर 185 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। जवाब में मुंबई ने 17.4 ओवर में पांच विकेट पर 186 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। मुंबई ईशान किशन (58 रन) और रोहित (20 रन) ने पहले विकेट के लिए 65 रन जोड़कर मुंबई को धमाकेदार शुरुआत दिलाई। फॉर्म में वापसी करने वाले कार्यवाहक कप्तान सूर्यकुमार यादव (43 रन) और तिलक वर्मा (30 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की। टिम डेविड 13 गेंदों पर 24 रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई की चार मैचों में यह दूसरी जीत है जबकि केकेआर को पांच मैचों में तीसरी हार का सामना करना पड़ा।

सूर्यकुमार पर 12 लाख जुर्माना

मुंबई इंडियंस के कप्तान सूर्यकुमार यादव पर रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान टीम की धीमी ओवर गति के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल की न्यूनतम ओवर-गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए कप्तान सूर्यकुमार पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

आखिर दो साल बाद अर्जुन तेंदुलकर ने किया पदार्पण

महान भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां पदार्पण किया। मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने घरेलू मैच के लिए अंतिम एकादश में अर्जुन को शामिल किया। इस 23 साल के तेज गेंदबाज ने मुंबई के लिए गेंदबाजी की शुरुआत की और दाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए गेंद अंदर की तरफ स्विंग कराकर प्रभावित किया। उन्होंने अपने दो ओवर में 17 रन दिए लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।आईपीएल के 15 साल के इतिहास में सचिन और अर्जुन तेंदुलकर मैच खेलने वाले पिता पुत्र की पहली जोड़ी है। सचिन ने 2008 से 2013 तक छह साल के लिए मुंबई इंडियन्स का प्रतिनिधित्व किया था।

स्कोर बोर्ड

केकेआर	रन	गेंद	4	6
गुरबाज का यानसन बो चावला	08	12	0	0
जगदीशन का शौकीन बो ग्रीन	00	05	0	0
वेंकटेश का यानसन बो मेरेडिथ	104	51	6	9
राणा का स्था. रमनदीप बो शौकीन	05	10	0	0
ठाकुर का तिलक वर्मा बो शौकीन	13	11	1	0
रिंकू सिंह का वढेरा बो यानसन	18	18	2	0
आंद्रे रसेल नाबाद	21	11	3	1
सुनील नारायण नाबाद	02	02	0	0

अतिरिक्त : 14 , कुल : 20 ओवर में 185/6
गेंदबाजी : तेंदुलकर 2-0-17-0, ग्रीन 2-020-1, यानसन 4-0-53-1, चावला 4-0-19-1, शौकीन 4-0-34-2, मेरेडिथ 4-0-40-1

मुंबई इंडियंस	रन	गेंद	4	6
रोहित का उमेश बो सुयश	20	13	1	2
इशान किशन बो चक्रवर्ती	58	25	5	5
सूर्यकुमार का गुरबाज बो ठाकुर	43	25	4	3
तिलक वर्मा बो सुयश	30	25	3	1
टिम डेविड नाबाद	24	13	1	2
वढेरा का गुरबाज बो फर्ग्यूसन	06	04	1	0
कैमरून ग्रीन नाबाद	01	01	0	0

अतिरिक्त : 04, कुल : 17.4 ओवर में 186/5
गेंदबाजी : उमेश 2-0-19-0, ठाकुर 2-0-25-1, नारायण 3-0-41-0, सुयश 4-0-27-2, चक्रवर्ती 4-0-38-1, फर्ग्यूसन 1.4- 0-19-1, आंद्रे रसेल 1-0-17-0

राजस्थान ने गुजरात को 3 विकेट से हराया

संजू ने 60 और हेटमायर ने जड़े 56 रन

भाषा ⏭ अहमदाबाद

कप्तान संजू सैमसन (60) और शिमरोन हेटमायर (नाबाद 56) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने बेहद खराब शुरुआत से उबरते हुए इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हराया। पिछले सत्र का फाइनल खेलने वाली टीमों के मुकाबले में राजस्थान ने गुजरात को सात विकेट पर 177 रन पर रोकने के बाद 19.2 ओवर में सात विकेट पर 179 रन बनाकर मैच जीत लिया। राजस्थान की यह पांच मैचों में चौथी जीत है और टीम तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी। गुजरात इतने ही मैचों में तीन जीत से तीसरे स्थान पर है। सैमसन ने 32 गेंद की पारी में तीन चौके और छह छक्के जड़े जबकि हेटमायर ने 26 गेंद की नाबाद पारी में दो चौका और पांच छक्का जड़ा। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 27 गेंद में 59 रन की साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी करायी। राजस्थान की जीत में आखिरी ओवरों में ध्रुव जुरेल (10 गेंद में 18 रन) और रविचंद्रन अश्विन (तीन गेंद में 10 रन) ने भी अहम योगदान दिया। गुजरात के लिए मोहम्मद शमी में चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट लिये। राशिद खान को दो सफलता मिली लेकिन उन्होंने चार ओवर में 46 रन लुटाये। कप्तान हार्दिक पंड्या (चार ओवर में 24 रन) और नूर अहमद (2.2 ओवर में 29 रन) को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले डेविड मिलर की 46 और गिल की 45 रन की पारियों से गुजरात टाइटंस ने प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। मिलर ने छह रन पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए 30 गेंद की पारी में तीन चौके और दो छक्के जड़े। गिल ने 34 गेंद की पारी में चार चौके और एक छक्का लगाने के अलावा तीसरे विकेट के लिए पंड्या के साथ 33 गेंद में 59 रन की साझेदारी की।

यौन उत्पीड़न के आरोपों पर पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण का बयान

नहीं लड़ूंगा डब्लूएफआई अध्यक्ष पद का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोंडा

अपने खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों पर सरकारी पैनल की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे बृज भूषण शरण सिंह ने रविवार को पुष्टि की कि वह सात मई को होने वाले भारतीय कुश्ती महासंघ चुनाव में अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ेंगे, लेकिन उन्होंने संकेत दिए कि वह महासंघ में नई भूमिका तलाश सकते हैं। डब्लूएफआई ने महासचिव वीएन प्रसाद की अध्यक्षता में अपनी आम परिषद और कार्यकारी समिति की आपात बैठक में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। बृजभूषण डब्लूएफआई के अध्यक्ष के रूप में चार-चार साल के तीन कार्यकाल पूरा कर चुके हैं और खेल संहिता के अनुसार 12 साल तक अध्यक्ष रहने के बाद वह फिर से इस पद के लिए चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। बृजभूषण ने बैठक के बाद कहा, 'हमें पहले चुनाव कराने थे लेकिन हाल के विवाद के कारण हम चुनाव नहीं करा पाए लेकिन हम अब आगे बढ़ेंगे।

मैं खेल संहिता का पालन करूंगा और अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ूंगा।' तो क्या इसका मतलब है कि वह डब्ल्यूएफआई से नहीं जुड़े रहेंगे, उन्होंने कहा, 'मैंने कहा है कि मैं अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं करुंगा मैंने यह नहीं कहा कि मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा।' बृजभूषण अभी 66 साल के हैं और उन्हें पदाधिकारी के पद के लिए चुनाव लड़ने की पात्रता हासिल करने के लिए चार साल के 'कूलिंग ऑफ पीरयड' से गुजरना होगा। हालांकि वह डब्लूएफआई की पांच सदस्यीय कार्यकारी समिति के सदस्य बने रह सकते हैं।

समिति की रिपोर्ट का इंतजार

यह पूछे जाने पर कि देश के चोटी के पहलवानों द्वारा उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न और डराने धमकाने के आरोपों को देखते हुए क्या उन्हें एजीएम में भाग लेने की अनुमति मिल गई थी। उन्होंने कहा, 'मुझे लिखित रूप से तीन सप्ताह तक कामकाज से दूर रहने के लिए कहा गया था जिसे बाद में छह सप्ताह तक बढ़ा दिया गया था और मैंने ऐसा किया। मैं आईओए और निगरानी पैनल की सुनवाई में उपस्थित हुआ था। मैं अब डब्लूएफआई पदाधिकारी के रूप में काम कर सकता हूं। किसी नियम को तोड़ने का कोई सवाल नहीं उठता है।' बृज भूषण ने कहा, 'समिति का निष्कर्ष सरकार के पास है और मैं रिपोर्ट का इंतजार कर रहा हूं।"

बीसीसीआई ने घरेलू टूर्नामेंटों के लिए नकद इनाम बढ़ाया

भाषा ⏭ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बॉर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को घरेलू टूर्नामेंटों की इनामी राशि में इजाफा करने की घोषणा की जिससे रणजी ट्रॉफी विजेता को इस सत्र से पांच करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी। रणजी ट्रॉफी विजेता को पुरस्कार के तौर पर अब तक दो करोड़ रुपये मिलते थे लेकिन नये ढांचे के अनुसार उन्हें पांच करोड़ रुपये मिलेंगे, जबकि उपविजेता और सेमीफाइनल हारने वालों को क्रमशः तीन करोड़ रुपये और एक-एक करोड़ मिलेंगे। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक ट्वीट में कहा, ''मुझे बीसीसीआई के सभी घरेलू टूर्नामेंटों के लिए पुरस्कार राशि में वृद्धि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।'' उन्होंने कहा, '' हम भारतीय क्रिकेट की रीढ़ घरेलू क्रिकेट में निवेश करने के अपने प्रयासों को जारी रखेंगे। रणजी विजेता को अब पांच करोड़ रुपये जबकि सीनियर महिला टूर्नामेंट के विजेता को 50 लाख रुपये (पहले छह लाख था) मिलेंगे।'' ईरानी कप के लिए नकद पुरस्कार भी दोगुना कर दिया गया है, जिसमें विजेता को 25 लाख रुपये के बजाय 50 लाख रुपये दिए जायेंगे। उपविजेता रहने वाली टीम को वर्तमान में कोई नकद इनाम नहीं मिलता है लेकिन अब उन्हें 25 लाख रुपये मिलेंगे। दलीप ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में विजेता टीम को एक करोड़ रुपये और उपविजेता टीम को 50 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा। देवधर ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के विजेताओं को 40 लाख रुपये और फाइनल में हारने वाली टीम को 20 लाख रुपये मिलेंगे। देश में महिला क्रिकेट को बड़े स्तर पर बढ़ावा देने के लिए सीनियर महिला वनडे ट्रॉफी के विजेताओं को 50 लाख रुपये और उपविजेता टीम को 25 लाख रुपये का चेक दिया जाएगा।

मिल्खा, बलबीर की जीवनी को कक्षा नौ और दस के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया

चंडीगढ़। महान हॉकी खिलाड़ी बलबीर सिंह सीनियर और दिग्गज एथलीट मिल्खा सिंह सहित चार दिग्गज खिलाड़ियों की जीवन गाथा को पंजाब के स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। इन खिलाड़ियों की जीवनी को कक्षा नौ और दस के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है जिसका मकसद राज्य के स्कूली छात्रों को खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करना है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने यह बात कही। कक्षा नौ और 10 की शारीरिक शिक्षा की पाठ्य पुस्तकों में बलबीर सिंह सीनियर और मिल्खा सिंह के अलावा एशियाई चैंपियन मुक्केबाज कौर सिंह और देश के पहले अर्जुन पुरस्कार विजेता ओलंपियन एथलीट गुरबचन सिंह रंधावा की जीवन गाथाओं को शामिल किया गया है। '' राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और पंजाब को खेल के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान की प्रतिबद्धता के अनुरूप, स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य के महान सपूतों की जीवनी को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है।''

होगा लोकार्पण कार्यक्रम...

गहलोत आज करेंगे 'राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर' का लोकार्पण

140 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होगा इन्टरनेशनल सेंटर

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंत्री शाति धारीवाल के द्वारा की जाएगी

दिल्ली में बने सेंटरों की तर्ज पर गुलाबी शहर में होगा नवनिर्माण

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज 140 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर का लोकार्पण करेंगे। जयपुर विकास आयुक्त रवि जैन ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान सरकार के नगरीय विकास एवं आवासन स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल करेंगे। जेडीसी ने बताया कि विश्व के बदलते परिप्रेक्ष्य और अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों की महत्ता, विचारों के आदान-प्रदान, एक छत के नीचे वृहत्त स्तर पर सम्मेलनों/सेमिनारों के आयोजन हेतु दिल्ली में बने इण्डिया इन्टरनेशनल सेन्टर एवं इण्डिया हैबिटेट सेन्टर की तर्ज पर राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर बनाने का निर्णय लिया गया था। राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर को राजस्थान सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1958 के तहत 30 सितम्बर, 2013 को पंजीकृत किया गया। राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर को ओ.टी.एस. के पास झालाना रोड़ पर 7.44 हैक्टर की भूमि पर निर्मित किया गया है। इस परियोजना का शिलान्यास मुख्यमंत्री राजस्थान के कर कमलों द्वारा दिनांक 19 अप्रैल, 2013 को किया गया था। परियोजना की वर्तमान में कुल प्रस्तावित लागत राशि रू. 140.00 करोड़ है। प्रथम चरण में राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर के मुख्य भवन के स्ट्रक्चर निर्माण एवं बाह्य फिनिशिंग कार्य पूर्ण किया गया था। द्वितीय चरण मे आंतरिक साज-सज्जा, विद्युत, बाह्य विकास व लैण्डस्केपिंग संबंधित कार्य करवाये गये जिनका मुख्यमन्त्री, राजस्थान द्वारा शिलान्यास 18 दिसम्बर, 2021 को किया गया था। उन्होंने बताया कि परियोजना में कई सुविधाएं विकसित की गई है।

अन्य सुविधा व विकास कार्य

भवन के बाहरी क्षेत्र में तीन लैण्डस्कैप गार्डन खूबसूरत फुलवारियों व पेड-पौधो के साथ विकसित किए गए है। इनमें जगह-जगह पर विभिन्न मूर्तियों, स्तम्भो एवं फाउण्टैन से भवन की खूबसूरती को निखारा गया है। सम्पूर्ण भवन में प्रत्येक तल पर अलग-अलग महिला एवं पुरूष सुविधा विकसित किए गए है। प्रत्येक तल पर पीने के पानी के लिए विशेष क्षेत्र में व्यवस्था की गई है। भवन के विशेष उपयोगी क्षेत्रों में एलएमएस सिस्टम की व्यवस्था की गई है। भवन परिसर में चल रही गतिविधियों की जानकारी हेतु डिस्पले पैनल भी लगाए गए है। सम्पूर्ण भवन को वातानुकूलित करने के लिए एचवीएसी सिस्टम का प्रावधान किया गया है। सम्पूर्ण भवन में वाई-फाई सुविधा उपलब्ध है। विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में पूरी क्षमता के डीजी सेटर द्वारा सम्पूर्ण भवन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था है।

अतिथि को भी मिलेगा पूरा सम्मान

यहॉ बाहर से आने वाले आगन्तुको के ठहरने के लिए 44 कमरों के गेस्ट हाऊस का निर्माण कार्य का शिलान्यास 06 अक्टूबर 2022 को मुख्यमंत्री, राजस्थान के कर कमलो द्वारा किया गया था। वर्तमान में कार्य प्रगति पर है एवं दिनांक 19.02.2024 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। इसकी निर्माण लागत राशि रू. 41.84 करोड़ है। भवन निर्माण के साथ-साथ बैंक्वेट हॉल, स्विमिंग पूल, स्टाफ क्वार्टर, रेस्टोरेन्ट, आंतरिक खेल सुविधाएं आदि भी विकसित की जा रही है। भविष्य में बढती आवश्यकताओं को दृष्टीगत रखते हुये 44 अतिरिक्त कमरो का प्रावधान गेस्ट हाऊस निर्माण में रखा गया है।

मीत ब्रदर्स ने बांधा समां : म्यूजिकल नाइट में जमकर झूमे जयपुराइट्स

युवाओं पर खास तौर पर चढ़ा रंग

हजारों की तादात में दर्शकों ने उठाया म्यूजिकल कंसर्ट का लुत्फ

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। रविवार की शाम प्रतापनगर की एनआरआई कॉलोनी में मौजूद तमाम बाशिंदों के लिए झूमकर थिरकने की रही। बॉलीवुड के मशहूर सिंगर मीत ब्रदर्स की जोड़ी और खुशबू ग्रेवाल के हाई पिच सॉन्ग्स की बीट पर दर्शक जमकर झूमे और कंसर्ट को फुल एंजॉय किया। जयपुर के मशहूर 'एनआरआई क्लब-21' के आवेदकों के लिए राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आयोजित इस म्यूजिकल कंसर्ट में क्लब के सदस्य और मेहमानों ने परिवार सहित शिरकत की और गाला डिनर के साथ कलाकारों से फरमाइश पर गाने भी सुने। इससे पहले मंडल क्लब के सदस्यों के मनोरंजन के लिए एनआरआई क्लब और राजस्थान पोलो क्लब के बीच दिलचस्प पोलो मैच भी करवा चुका है। आवासन आयुक्त और 'एनआरआई क्लब-21' के अध्यक्ष पवन अरोड़ा ने कहा कि आने वाले समय में क्लब में लगातार ऐसे एंटरटेनिंग कार्यक्रम होते रहेंगे। उन्होंने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय मापदंडों के आधार पर विकसित होने वाले क्लब हाउस में 25 कमरे बनाए जाएंगे, जहां स्पॉर्टस सुविधाओं के साथ फाइन डाइनिंग रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल, ओपन गार्डन, ऑल वेदर स्विमिंग पूल और अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। क्लब के अध्यक्ष अरोड़ा ने बताया कि जयपुर की प्रतिष्ठित एनआरआई कॉलोनी में अंतरराष्ट्रीय और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एनआरआई क्लब-21 के प्रति लोगों में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। मंडल को अब तक मेंबरशिप के पेटे 25 करोड़ से ज्यादा रुपए प्राप्त भी हुए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति एसोसिएट मेंबर के लिए 4 लाख और कॉरपोरेट मेंबर के लिए 6 लाख रुपए देकर मेंबरशिप के लिए आवेदन कर सकता है। कार्यक्रम में नगरीय विकास के प्रमुख शासन सचिव कुंजीलाल मीणा सहित शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

प्रदेश कांग्रेस संगठन में होगा बदलाव : प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा

पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का किया कांग्रेस कार्यकताओं ने किया स्वागत

पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी के नेतृत्व में स्वागत करने पहुंचे थे कांग्रेस कार्यकर्त्ता

RAJASTHAN STATE 1ST SENIOR STATE
QAZAQ KURES CHAMPIONSHIP (MEN & WOMEN) 2023
STATE REFEREEING AND TECHNICAL SEMINAR OF QAZAQ KURES

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर/चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)। जयपुर स्थित सिविल लाइंस में रविवार को पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चौमूं पश्चिम के तत्वाधान में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा का स्वागत समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ ' समारोह में डोटासरा ने कांग्रेस कार्यकताओं को कहा कि प्रदेश कांग्रेस के संगठन में बदलाव होगा और कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान होगा कार्यक्रम के दौरान ग्राम नांगल कला निवासी गिरिराज देवन्दा को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चौमूं पश्चिम का अध्यक्ष नियुक्त करने पर कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का आभार व्यक्त किया एवं माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत किया ' इस मौके पर चौमूं नगरपालिका अध्यक्ष विष्णु सैनी, डॉ. हनुमान बराला, नांगलगोविंद सरपंच प्रतिनिधि, बाबूलाल गढ़वाल पूर्व पंचायत समिति सदस्य सेवाराम मावलिया उदयपुरिया सरपंच महेंद्र मीणा सामोद सरपंच प्रतिनिधि भगवान सहाय सैनी किसान नेता पूर्ण सिंह खर्रा, हस्त्रेड़ा सरपंच कजोड़ यादव एडवोकेट जेपी यादव जगदीश ठेकेदार जिला परिषद प्रतिनिधि एडवोकेट अश्वनी कुमार वर्मा अंबेडकर मंच अध्यक्ष राजेंद्र नागर नरसिंहपुरा सरपंच मनोज अटल पार्षद अशोक रछोईया पूर्व सरपंच रामस्वरूप सौकरिया भगवानसहाय गढ़वाल मेवाराम छाजूराम सत्यनारायण शर्मा गेंदीलाल सैनी अभिषेक मोरदिया सीताराम गेट शंकर गेट पिंटू सिंगोदिया झाबरमल देवंदा जीएसएस अध्यक्ष गुलाबचंद राजेंद्र देवंदा विजयपाल देवंदा सूरजमल देवंदा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

लर्निंग स्टेप स्कूल द्वारा हुआ ड्राइंग कंपटीशन और

पृथ्वी दिवस का आयोजन

जयपुर के सिद्धि विनायक गार्डन वैशाली नगर में किया गया आयोजन

सितारा न्यूज नेटवर्क

जयपुर। रविवार को लर्निंग स्टेप स्कूल जयपुर द्वारा एलएसएस ड्रॉइंग कॉन्टेस्ट 2023 का आयोजन सिद्धि विनायक गार्डन वैशाली नगर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के डॉयरेक्टर अभिषेक गुप्ता ने किया। यह कार्यक्रम लर्निंग स्टेप स्कूल के छात्रों व दूसरी स्कूल के छात्रों के लिए भी आयोजित किया गया था। 300 से भी अधिक 3 से 12 साल के प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में क्षेत्र पार्षद विनोद चौधरी व गोम्स डिफेन्स समिति के सचिव दिनेश अग्रवाल को भी आमंत्रित किया गया था जिसके चलते उन्होंने शिरकत की। बच्चों ने बहुत उत्सुकता के साथ अपनी कलात्मक रूचि को दिए गए विषय पर कागज में बिखेरा। इस अवसर पर बच्चों का उत्साह दर्शनीय था। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किया। साथ ही चयनित प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरुस्कार दिया गया।

विषय रखा गया पृथ्वी दिवस

कार्यक्रम का विषय पृथ्वी दिवस रखा गया था। बच्चों व उपस्थित लोगों को पर्यावरण व पृथ्वी दिवस के विषय में जागरूक करने के लिए इस विषय का चुनाव किया गया। जिससे बच्चों को पृथ्वी के बारे में जागरूक किया जा सके साथ ही लोगों को पृथ्वी दिवस की अहमियत बताना भी था। आमंत्रित अतिथियों ने वहाँ उपस्थित बच्चों व नागरिकों को सम्बोधित किया व उन्हें इस दिवस की उपयोगिता व जरुरत के बारे में समझाया। साथ ही उन्होंने स्कूल निदेशक अभिषेक गुप्ता व लर्निंग स्टेप स्कूल टीम का यह कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को के अंदर छुपे हुनर को रंगों द्वारा निखारना था। इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी स्टाफगण उपस्थित थे।

प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा

SODALA | VAISHALI NAGAR | NARAYAN VIHAR | MURLIPU
DRAWING

सीकर के करण कड़वासरा का यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन में चयन, जिले का नाम किया रोशन

विश्व की 8 वीं रैंक और रिसर्च में विश्व में दूसरे नंबर पर आती है लंदन ऑफ यूनिवर्सिटी

सितारा न्यूज नेटवर्क

दांतारामगढ़ (विनोद धायल)। सीकर के करण कड़वासरा का चयन यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन में हुआ है और जिले का नाम रोशन किया है। यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन जो कि विश्व की आठवीं रैंक पर मानी जाती है और रिसर्च के मामले में लंदन यूनिवर्सिटी दूसरे स्थान पर आती है जिसमें 27 नोबेल पुरस्कार विजेता है इसमें पूर्व छात्रों में भारत से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, रविंद्र नाथ टैगोर, वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस, मदन लाल धींगड़ा आदि भी शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन की स्थापना 1826 में हुई थी। छात्र करण का चयन भौतिक शास्त्र में स्ट्रिंग थ्योरी व क्वांटम फिजिक्स में रिसर्च स्नातक हेतु किया गया है। आपको बता दें कि उक्त विषय में यूनिवर्सिटी में मात्र 180 सीटें हैं एवं विश्व के 200 देशों से आवेदन प्राप्त होते हैं जिसमें करण का चयन किया गया है। वर्तमान में करण सीकर में स्थित भारतीय पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत है। छात्र करण के पिता मदन लाल कड़वासरा पुलिस विभाग में इंस्पेक्टर के पद सेवाएं दे रहे हैं और वर्तमान में दांतारामगढ़ पुलिस थाने के इंचार्ज हैं व करण की माता सुनीता देवी ग्रहणी है। छात्र करण ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता वह गुरुजनों को दिया है। करण ने बताया कि वह रिसर्च क्षेत्र में भारत का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करना चाहता है।

असिस्टेंट ब्रांच पोस्ट मास्टर के पद पर हुआ चयन

सितारा न्यूज नेटवर्क

सीकर (विनोद धायल)। रविवार शाम को दाता ग्राम में खोरानियो की ढाणी में रमकू खोरानिया पुत्री ओम प्रकाश का पोस्ट ऑफिस में असिस्टेंट ब्रांच पोस्ट मास्टर के पद पर चयन होकर जुराथड़ा सीकर में पद ग्रहण करने पर मोहल्ले वासियों ने घोड़ी पर बिठाकर एवं डीजे एवं पटाखे फोड़ कर पूरे मोहल्ले वासियों ने बधाई दी। एडवोकेट दिलीप खोरानिया ने बताया कि बेटियों को पढ़ाना चाहिए और आगे बढ़ाना चाहिए इस अवसर पर भंवरलाल चेजारा मोहनलाल खोरानिया, गिरधारी लाल खोरानिया निकिता कुमावत ,देवीलाल मनोज संजय आदि मौजूद रहे।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com